31 जनवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 103







# संसद का बजट सत्र आज से

## संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी शुरुआत

- नरेंद्र मोदी सरकार का बजट कल आयेगा
- सर्वदलीय बैठक में सत्र के सुचारू संचालन पर सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी से हो रही है। पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण होगा। इसके अगले दिन यानी 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जायेगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी। इससे पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलायी। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गयी थी। बैठक में आगामी केंद्रीय बजट पर सरकार ने सभी दलों के साथ चर्चा की। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से सत्र के दौरान सहयोग करने की अपील की, ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि बैठक अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाये हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

बैठक में पहुंचे कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने फैसला किया है कि इंडिया ब्लॉक बजट सत्र में कुंभ, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर चर्चा चाहता है। उन्होंने कहा कि कुंभ में वीआइपी लोगों के आने के कारण आम आदमी परेशान हो रहा है।

**दो चरणों में होगा सत्र:** बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का 6 फरवरी को जवाब दे सकते हैं। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा, जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा। दोनों भागों को मिला कर 40 दिन में कुल 27 बैठकें होंगी।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेताओं ने भाग लिया।



### सीतारमण लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी

इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। सरकार बजट सत्र में 16 बिल ला सकती है। इसमें वक्फ संशोधन समेत 12 बिल 2024 के मानसून और शीतकालीन सत्र में लाये गये थे। चार नये बिल में फाइनेंस बिल के अलावा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय का फैसला किया रद्द


# सहायक शिक्षक भर्ती में सीटेट पास करने वाले नहीं हो सकेंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड में सहायक शिक्षक (आचार्य) पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में पड़ोसी राज्यों से टेट पास करने वाले और सीटेट अभ्यर्थी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट का फैसला रद्द कर दिया। हाइकोर्ट ने झारखंड में सहायक शिक्षक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में पड़ोसी राज्यों से सीटेट या टेट पास करने वालों को हिस्सा लेने की अनुमति दी थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया है।

### हाइकोर्ट ने 2023 में फैसला सुनाया था

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट ने 2023 में फैसला सुनाया था। अपने फैसले में हाइकोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले झारखंड के रहने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। इस आदेश के खिलाफ झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।



# महाकुंभ: आने-जाने के रास्ते अलग किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को भगदड़ के बाद गुरुवार से व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मेले में आने-जाने के रास्ते अलग कर दिये गये हैं। प्रयागराज शहर में गाड़ियों की एंट्री पर रोक लगा दी गयी है। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। वीआइपी पास भी रद्द कर दिये गये हैं। यह नियम 4 फरवरी तक लागू रहेगा। ज्यादातर गाड़ियां शहर की सीमाओं पर फंसी हैं। पड़ोस के जिलों में वाहनों को रोका जा रहा है। वहां भीषण जाम है।

महाकुंभ का गुरुवार को 18वां दिन था। शाम 4 बजे तक 1.77 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। वहीं 13 जनवरी से अब तक 27.58 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर करीब आठ करोड़ लोगों ने स्नान किया था।

उधर, बुधवार को हुई भगदड़ में अब तक 30 मौतों की पुष्टि की गयी है। 60 घायल हुए हैं। सरकार ने 2019 के कुंभ में तैनात रहे दो अफसरों आइएएस आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज बुलाया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकें। भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गयी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। डीजीपी ने कहा कि सरस्वती पूजा के मौके पर विशेष व्यवस्था की गयी है।

**40 हजार वाहनों को रोका गया:** प्रयागराज जाने वाले करीब 40 हजार वाहनों को रोक दिया गया है। 10 हजार से ज्यादा वाहनों को पार्किंग में खड़ा करवाया गया है। जीटी रोड पर करीब 20 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। महाकुंभ में जाने के लिए निकले हजारों लोग बस, कार और अन्य वाहनों में फंसे हैं।


**फिर लगी आग, कई पंडाल जले:** गुरुवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में कई पंडाल जल गये। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। जहां आग लगी, वहां लोग नहीं थे, इसलिए किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले 19 जनवरी को आग में 180 पंडाल जले थे।

- मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित
- शहर के बाहर रोके गये वाहन
- 4 फरवरी तक वीआइपी पास रद्द




## बॉर्डर पर ही रोक दिये गये हैं वाहन






प्रयागराज(आजाद सिपाही)। वाराणसी-प्रयागराज रूट पर 20 किमी लंबा जाम लग गया था। 200 से अधिक बसें रूट पर फंसी रही। वाराणसी की तरफ से प्रयागराज जाने वाले सभी वाहनों को बॉर्डर के पास रोक दिया गया है। मिर्जापुर-प्रयागराज रूट पर रोडवेज बसों को लौटाया गया। दो हजार गाड़ियों को रोका गया। भदोही-प्रयागराज रूट पर नेशनल हाइवे पर हर दो किमी पर बैरियर लगाया गया है। भदोही में प्रयागराज जाने वाले लोगों को रोका गया। चित्रकूट-प्रयागराज रूट पर 10 गाड़ियों का काफिला हर पांच मिनट में छोड़ा जा रहा। चित्रकूट में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। जौनपुर-प्रयागराज और प्रतापगढ़-प्रयागराज रूट की स्थिति भी लगभग वैसी ही रही। वाहनों को प्रयागराज जाने से रोका गया।



## हाइकोर्ट में अस्थायी जजों की होगी नियुक्ति

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। देशभर के हाइकोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। इसके मद्देनजर अब सभी हाइकोर्ट को यह अधिकार मिल गया है कि वे सेवानिवृत्त जजों को एडहॉक (अस्थायी) जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कर सकते हैं। इससे पहले, अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि सिर्फ उन्हीं हाइकोर्ट में अस्थायी जजों की नियुक्ति की जा सकती है, जहां रिक्तियों की संख्या 20% से कम हो। लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस शर्त को हटाते हुए उस आदेश के प्रभाव को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। इस खास पहल से हाइकोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों की संख्या को कम किया जा सकता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने लोक प्रहरी बनाम भारत सरकार मामले में फैसला सुनाते हुए पहली बार हाइकोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की अनुमति दी थी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया था कि यह एक नियमित प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए और नियमित नियुक्तियों का स्थान एडहॉक जज नहीं ले सकते।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 76100 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# डीपसीक ने मचाया पूरी दुनिया में तहलका

## ■ चीन की एआइ ने सूचना तकनीक की दुनिया में अमेरिका को पछाड़ा

## ■ राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही लग गया झटका

आजाद सिपाही विशेष

**दो दिन पहले दुनिया भर के शेयर बाजार बुरी तरह गिरने लगे। अचानक पैदा हुई इस गिरावट का कारण चीन द्वारा विकसित एआइ टूल डीपसीक को माना गया, जिसने सूचना तकनीक के क्षेत्र में अमेरिका को पछाड़ दिया है। डीपसीक का असर दुनिया भर में पड़ा, तो भारत भी इससे अछूता नहीं रह सका। चीन आर्थिक, सैन्य और तकनीक के क्षेत्र में बादशाहत हासिल कर-के दुनिया का बॉस बनना चाहता है, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। चीन अपने लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिए जिस तरह चुपचाप पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुट जाता है, वह दुनिया के लिए प्रेरक भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में अमेरिकी दबदबे को चुनौती देते हुए चीनी एआइ चैटबॉट डीपसीक ने जिस तरह वॉल स्ट्रीट, सिलिकॉन वैली और वाशिंगटन तथा दुनिया भर के अमीरों को सदमे में डाल दिया है, उसे देख कर हर कोई आश्चर्यचकित है। चीनी स्टार्टअप द्वारा विकसित यह ऐप इस सप्ताह अमेरिका में एप्पल स्टोर पर डाउनलोड के मामले में शीर्ष पर रहा। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार डीपसीक की सफलता से पता चलता है कि चीनी एआइ डेवलपर महंगे, उच्च-स्तरीय हार्डवेयर तक पहुंच के बिना भी अपने अमेरिकी समकक्षों की बराबरी कर सकते हैं। इस समय इंटरनेट पर मौजूद हर उपयोक्ता डीपसीक के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाह रहा है। इसलिए इस ऐप की खासियत और इसकी निर्माता कंपनी के बारे में जानना बेहद जरूरी है। क्या है डीपसीक और क्या है इसकी खासियत और दुनिया पर इसका क्या होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**



राहुल सिंह

भारत में जहां देखिए सिर्फ महाकुंभ की चर्चा है, लेकिन इंटरनेट सर्च बताता है कि यह बात पूरी तरह सच नहीं है। एक और कीवर्ड खूब खोजा जा रहा है, डीपसीक। यह चीनी एआइ मॉडल दुनियाभर के शेयर बाजारों से अरबों डॉलर साफ कर चुका है। आप गूगल ट्रेंड्स पर डीपसीक खोजिये। अफ्रीका के कुछ देशों और ग्रीनलैंड को छोड़ दुनिया का कोई हिस्सा ऐसा नहीं, जहां लोग बड़ी संख्या में इसके बारे में नहीं खोज रहे। इस चीनी कंपनी ने ऐसा क्या किया कि दुनिया इसकी टेक्नोलॉजी को ऐसे आंखें फाड़ कर देख रही है। ऐसा लग रहा है, जैसे टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ये इंटरनेट और एआइ के बाद का सबसे बड़ा आविष्कार हो।

### क्या है एआइ चैटबॉट डीपसीक

पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लेने वाली डीपसीक एक चीनी एआइ कंपनी है। अगर आपने चैट जीपीटी का इस्तेमाल किया है, तो आप जानते होंगे कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाली ये टेक्नोलॉजी क्या काम करती है और कैसे करती है। ये आपकी भाषा में आपके सवाल का जवाब देने के लिए तैयार होती है।

अन्य एआइ मॉडल की तरह डीपसीक ऐप को संचालित करने वाले पैटर्न की पहचान करने, भविष्यवाणियां करने और समस्याओं को हल करने के लिए भारी मात्रा में डाटा को संसाधित कर सकता है और उसे छान सकता है। इस एआइ मॉडल को जुलाई तक के डाटा पर प्रशिक्षित किया गया है। इसलिए यह अधिक हालिया घटनाओं के बारे में नहीं जानता है, लेकिन एक खोज विकल्प अधिक नवीनतम जानकारी और सुर्खियों को स्कैन कर सकता है। इसके अलावा अधिकांश ऐप्स की तरह डीपसीक बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र और संग्रहित कर सकता है, जिसमें आपकी कोई भी बातचीत और आपके डिवाइस और इंटरनेट कनेक्शन जैसी चीजों के बारे में तकनीकी जानकारी शामिल है। हालांकि एक डर यह है कि उस डाटा तक चीनी सरकार पहुंच सकती है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि यह ऐप चीन के सख्त इंटरनेट नियंत्रणों के अनुरूप कुछ सूचनाओं को भी सेंसर कर रहा है, जैसे कि 1989 के तियानमेन स्क्वायर विरोध प्रदर्शन का कोई भी उल्लेख। हम आपको यह भी बता दें कि डीपसीक ने दूसरों के उपयोग और संशोधन के लिए अपने एआइ मॉडल का एक संस्करण जारी किया है। बाहरी डेवलपर इसे एक शक्तिशाली डिवाइस पर स्थानीय रूप से चला कर इसे अधिक सुरक्षित और कम प्रतिबंधित दोनों बना सकते हैं।




सरल शब्दों में कहें तो डीपसीक एक एडवांस एआइ मॉडल है, जिसे हांग्जो में स्थित एक रिसर्च लैब में डेवलप किया गया है। इसे 2023 में लियांग वेनफेंग ने बनाया है। लियांग एआइ और क्वांटिटेटिव फाइनेंस में एक्सपर्ट हैं। डीपसीक वी-3 एक फ्री और ओपन सोर्स एआइ सिस्टम है, जिसमें किफायती एआइ हार्डवेयर का इस्तेमाल किया जाता है।

### डीपसीक बनाने वाले लियांग वेनफेंग

लियांग वेनफेंग को चीन का सैम ऑल्टमैन भी कहते हैं। लियांग इंडस्ट्री में एक डार्कहॉर्स के रूप में उभरे हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए उनका सफर दिलचस्प रहा है। वे 1980 के दशक में चीन के पांचवें दर्जे के शहर ग्वांगडोंग में पले बढ़े। जैसा कि उन्होंने 2024 के एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके पिता एक प्राइमरी स्कूल के टीचर थे।

### दूसरे टूल्स से काफी सस्ता

इस एआइ कंपनी डीपसीक ने असल में किया क्या है, कैसे इसके आने से पूरी दुनिया में एआइ को लेकर तहलका मच गया है। चीन की ये कंपनी दावा कर रही है कि इसने मात्र 60 लाख डॉलर में अपना एआइ मॉडल बनाया है। तुलना के लिए जान लीजिए कि आज चैट जीपीटी को मात्र 10 दिन चलाने का खर्च भी इससे ज्यादा है। विशेषज्ञ टेस्ट करके बता चुके हैं कि कई मामलों में यह प्रतिद्वंद्वी एआइ टूल से बेहतर है, जबकि यह उनसे कम जटिल है और अलग-अलग अनुमानों के मुताबिक इसे चलाने का खर्च 50 से 80 फीसदी कम है।

### पूरा ऑपरेशन हो जायेगा सस्ता

एआइ इकोसिस्टम बनाने के लिए हार्डवेयर, डेटा सेंटर और बिजली की जरूरत होती है। यानी एआइ के आने के बाद से इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों की अहमियत भी बहुत ज्यादा बढ़ी हुई थी। दुनिया के सारे बड़े शेयर बाजार में एआइ इकोसिस्टम से जुड़ी कंपनियों की वृद्धि इस बात की गवाह है। डीपसीक के बाजार को हिला देने के बाद इन्हीं कंपनियों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी कंपनी एनवीडिया का हाल तो दुनिया ने देखा, लेकिन इंटरनेट संबंधी हार्डवेयर बनाने वाली कंपनी ब्रॉडकॉम, भारत की कंपनियां नेटवेब टेक्नोलॉजी, अनंतराज और इ2इ का हाल इससे भी बुरा है। ये कंपनियां डेटा सेंटर बनाने के बिजनेस में अहम हैं।

### अमेरिकी दबदबे को चुनौती

दरअसल दुनिया में अमेरिका के बिना एआइ का कोई भविष्य देखा नहीं जा रहा था। अमेरिका भी इसी मुगालते में था कि उसके बिना एआइ की बड़ी खोज कहीं और नहीं की जा सकती। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पांच सौ अरब डॉलर के बजट वाला स्टारगेट प्रोजेक्ट लांच किया, जो एआइ टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है। चीन ने डीपसीक के जरिये इस अवधारणा को गलत साबित कर दिया है कि इस मामले में अमेरिका का कोई विकल्प नहीं। उसने ना सिर्फ विकल्प पेश किया है, बल्कि जो विकल्प पेश किया है, वो कहीं ज्यादा सस्ता और कम जटिल है। कई जानकार कहते हैं कि चीन जिस नये एआइ इकोसिस्टम की तैयारी कर रहा है, डीपसीक उसकी बानगी भर है। दुनिया की कई अहम एआइ कंपनियों में काम करने वाले चीनी वैज्ञानिक और इंजीनियर चीन वापस जाकर अपना एआइ स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं।

### ज्यादा एडवांस लेकिन डरावना

सबसे मजेदार चीज है, डीपसीक की रीजनिंग, क्रिएटिविटी और मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन। ज्यादातर आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के मॉडल कयास लगाने पर केंद्रित होते हैं, लेकिन डीपसीक को आप तर्क देते और उसके बाद मंथन करते हुए देख सकते हैं। मशीन को ऐसा करते देखना काफी आकर्षक है, लेकिन डरावना भी। आप इसके डीपथिंक आर1 मॉडल को ऐसा करते देख खुद को मोहित होने से रोक नहीं पायेंगे। इसके बावजूद डीपसीक से जुड़ी चिंताएं भी हैं। भारत और दुनिया भर में कई उपयोक्ता ने इसके चीन से जुड़े राजनीतिक सवालों के जवाब ना देने और विवादित मामलों पर चुप्पी साध जाने की समस्या को उजागर किया है। साथ ही यूजर डेटा के चीन में स्टोर किये जाने और इसके इस्तेमाल के स्पष्ट नियम ना होने का डर भी लोगों को सता रहा है।

### अमेरिकी टेक्नोलॉजी अब भी अहम

वैसे डरने की बहुत जरूरत नहीं है। तमाम सूत्र बताते हैं कि डीपसीक की टेक्नोलॉजी के लिए भी एनवीडिया की चिप्स अहम रही हैं। यानी एआइ के लिए अहम हार्डवेयर में इनकी अहमियत अभी खत्म नहीं होने जा रही। इससे भले ही एआइ टेक्नोलॉजी काफी सस्ती हो जाये, लेकिन एनवीडिया जैसी हाइटेक कंपनियों के चिप्स की मांग अभी बढ़ती ही जायेगी। छोटे दौर में एनवीडिया की गिरावट से उसकी लंबे दौर की मजबूती पर असर नहीं पड़ेगा।

वैसे एक नये खिलाड़ी का एआइ सेक्टर में आना उपयोक्ताओं के लिए तो फायदेमंद ही है। उनके लिए ना सिर्फ एआइ की सेवाएं काफी सस्ती हो सकती हैं, बल्कि प्रतिद्वंद्विता के चलते नयी खोजों में भी तेजी आ सकती है। इसलिए डीपसीक और उसका तहलका आखिर में उपयोक्ता और एआइ मार्केट, दोनों के लिए ही अच्छी खबर है। शायद इससे जुड़े बाकी सेक्टरों में भी जटिलताएं घटें और ग्राह्यता बढ़े। कारोबारों का लक्ष्य भले ही ज्यादा से ज्यादा खपत हो, मानवता का लक्ष्य तो टिकाऊ विकास ही है।

---

# एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर की महिला मित्र हेमंती का एनकाउंटर, इंसास लेकर घूमती थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस ने कोल्हान में भाकपा माओवादियों को बहुत बड़ा झटका दिया है। बुधवार को सुरक्षाबलों ने कोल्हान में एनकाउंटर में कुख्यात संजय गंझु और एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र हेमंती को मार गिराया है। दोनों ही अनल के लिए बहुत ज्यादा खास थे। संजय संगठन में जोनल कमांडर और हेमंती एरिया कमांडर थी।

**इंसास लेकर जंगलों में घूमती थी हेमंती :** एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर अनल दा की महिला मित्र हेमंती झारखंड पुलिस के द्वारा एनकाउंटर में मार गिरायी गयी है। बुधवार को हेमंती ने अपने साथियों के साथ सुरक्षाबलों पर हमला किया, लेकिन जवाबी



कार्रवाई में वो मारी गयी। सीनियर पुलिस अधिकारियों के अनुसार हेमंती कोल्हान में एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता अनल दा सबसे करीब थी। हेमंती अनल के साथ कई वर्षों से रह रही थी। अनल की सुरक्षा के लिए वह हाथों में इंसास राइफल लेकर घूमा करती थी।

**बोकारो की रहनेवाली थी:** हेमंती का पूरा नाम हेमंती मझियां है। हेमंती झारखंड के बोकारो जिला की रहने वाली थी। बोकारो के नवाडीह थाना क्षेत्र के गोरगोरवा गांव की रहने वाली हेमंती को अनल ने अपने साथ ही रखा था। धीरे धीरे वह अनल की बेहद खास हो गयी। सारंडा में सालों से वह अनल की प्रमुख बॉडीगार्ड और महिला मित्र के रूप में अपनी पहचान बना रखी थी। अनल ने हेमंती को संगठन में एरिया कमांडर का पद दे रखा था।

### 10 दिनों में दूसरी महिला नक्सली मारी गयी

22 जनवरी 2025 को भी बोकारो में एरिया कमांडर शांति पुलिस के साथ हुए एनकाउंटर में मारी गई थी। अब 29 जनवरी को एरिया कमांडर हेमंती भी मारी गयी।

### आत्मसमर्पण करें नक्सली कैडर, नहीं तो मारा जाना तय

मात्र दस दिनों के भीतर दो महिला नक्सलियों समेत चार के मारे जाने के बाद झारखंड पुलिस के आइजी अभियान अमोल होमकर बेहद उत्साहित हैं। आइजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि कोल्हान में भाकपा माओवादियों को बहुत बड़ा झटका लगा है। संजय और हेमंती के मारे जाने से उनकी रीढ़ टूट गयी है। झारखंड पुलिस ने बेहद स्पष्ट कर दिया है कि अगर नक्सली समर्पण करते हैं, तो उनका स्वागत किया जायेगा। हम अभी भी उन्हें यह मौका दे रहे हैं कि वह मुख्य धारा में लौट आयें, अन्यथा उनका भी परिणाम संजय और हेमंती के जैसा ही होगा।

---


# साइबर अपराधियों ने अपर समाहर्ता के बिजनेस एनालिस्ट को किया हाउस अरेस्ट, ठगे 8 लाख

## मोबाइल और आधार कार्ड बंद होने का दिया झांसा, वीडियो कॉल पर किया अरेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** साइबर क्रिमिनल्स आम नागरिकों को हाउस अरेस्ट और अश्लील तस्वीरें दिखा कर अक्सर ठगने का काम करते हैं। रामगढ़ शहर में अपर समाहर्ता कार्यालय के बिजनेस एनालिस्ट सुरेंद्र प्रसाद को भी साइबर क्रिमिनल्स ने अपना शिकार बनाया। उन्हें ऑनलाइन ही हाउस अरेस्ट कर दिया और इतना डराया की उन्होंने 8 लाख रुपये साइबर क्रिमिनल्स को ट्रांसफर कर दिया। उन्हें बाद में संदेह हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है, तो वह सीधे थाने पहुंचे।

**साइबर क्रिमिनल्स ने दिया मोबाइल और आधार कार्ड बंद होने का झांसा :** रामगढ़ थाना



पुलिस ने कांड संख्या 35/25 के तहत मामला दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार अपर समाहर्ता के राजस्व शाखा में बिजनेस एनालिस्ट के रूप में कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया और कहा गया कि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद कर दिया जायेगा। अगर उन्हें इस बारे में ज्यादा जानकारी चाहिए तो दिल्ली पुलिस से बात करनी होगी, ताकि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद ना हो। इस बातचीत के बाद उनका कॉल एक दूसरे नंबर पर ट्रांसफर किया गया। फिर व्हाट्सएप से मैसेज और वीडियो कॉल आना प्रारंभ हो गया।

**वीडियो कॉल पर ही भेज दिया गया अरेस्ट वारंट :** वीडियो कॉल से सुरेंद्र प्रसाद को बताया गया कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में सामने आया है। यह देश का सीक्रेट मिशन है, इसको वह किसी से भी शेयर नहीं करेंगे। इसके बाद उन्हें अरेस्ट का कागज भेजा गया, जिससे वे काफी डर गये। इसके बाद लगातार वीडियो कॉल और मैसेज आना प्रारंभ हो गया। इस दौरान उनसे पैसे की जांच के नाम पर 28 जनवरी को एक अकाउंट नंबर भेजा गया, जो फेडरल बैंक का था। अकाउंट होल्डर विकास यादव के नाम पर 29 जनवरी को उन्हें पैसे भेजने को कहा गया। सुरेंद्र प्रसाद इतना डर गये थे, कि उन्होंने अपने अकाउंट से 8 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये। बाद में उन्हें शक हुआ कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी।

---

# वित्त मंत्री से मिले सोफ्टा के सीइओ, झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फिनलैंड से झारखंड दौरे पर आये सोफ्टा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) सुनील कुमार सिंह ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की। झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। सीइओ सुनील कुमार सिंह ने इस मुलाकात को अत्यधिक सफल और सकारात्मक बताया।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने परियोजना को गंभीरता से सुना और इसे राज्य के लिए अत्यधिक लाभकारी बताया। उन्होंने परियोजना पर सकारात्मक और दूरदर्शी सोच रखने की बात कही और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुनील कुमार सिंह ने सरकार के रुख को भी सकारात्मक बताया और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। सीइओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यह मेगा औषधीय-कृषि परियोजना झारखंड में दो लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगी। साथ ही, यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय खेती में नयी क्रांति लायेगी और ग्रामीण युवाओं के लिए नयी संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

इस परियोजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) का उपयोग भी किया जायेगा, जिससे उत्पादन



क्षमता में वृद्धि होगी और लागत में कमी आयेगी। झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना में अनुमानित निवेश 24 हजार करोड़ रुपये का है और इसके तहत अगले 5-7 वर्षों में दो लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना के अंतर्गत औषधीय-कृषि का केंद्रीय केंद्र स्थापित किया जायेगा, जो अनुवांशिक प्रयोगशालाएं (जैनेटिक लैब) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रसंस्करण इकाइयों (एआइ प्रोसेसिंग यूनिट्स) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित होगा। इसके साथ ही, 500 स्थानीय उत्पादन केंद्र भी स्थापित किये जायेंगे, जो मल्टीलेयरिंग वर्टिकल तकनीक का उपयोग करेंगे, जिससे पारंपरिक उत्पादन की तुलना में 5-6 गुना अधिक उत्पादन संभव होगा। बजट सत्र के बाद, सोफ्टा के अधिकारियों और राज्य सरकार के बीच पुनः बैठकें होंगी, जिनमें परियोजना के निवेश मॉडल, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर चर्चा की जायेगी। गौरतलब है कि सोफ्टा के सीइओ सुनील कुमार सिंह इस समय झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना को लेकर राज्य के विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं और इस परियोजना को लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर रहे हैं।





**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.5 °c | 12.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |

# महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पूरा राष्ट्र उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी में बापू वाटिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी मायने रखता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार एवं आदर्श से हमें मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

उनके विचारों से देशवासियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच ऐसे अनेकों महापुरुष हुए हैं, जिनके पदचिन्हों पर चल कर आगे बढ़ सकते हैं। बापू को शत-शत नमन।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजस्थान निवासी एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी ) के मीडिया को - ऑर्डिनेटर सुमेर सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उनके साथ कुशेंद्र सिंह और जुबेर सिंह भी मौजूद थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा।

**मिथुन** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**कर्क** अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।

**सिंह** आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेंगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कन्या** अप्रिय स्थिति का सामना होगा, कर्मक्षेत्र में अवरोध-विरोध, विशेष परिश्रम के बाद आंशिक सफलता।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। पद-मान-मर्यादा-यश की वृद्धि होगी।

**धनु** निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मकर** जमीन-मकान, स्थिर संपत्ति से संबंधित काम सिद्ध होंगे। रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी।कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in


# केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे झारखंड कैडर के आइपीएस एमएस भाटिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के 1993 बैच के आइपीएस एमएस भाटिया केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आये हैं। गुरुवार को आइपीएस एमएस भाटिया पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। इससे पहले भाटिया केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और वो सीआरपीएफ में आइजी एडमिन के पद पदस्थापित थे। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में झारखंड सरकार ने एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी थी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की गयी थी। वहीं दूसरी तरफ



एक दिन बाद यानि 31 जनवरी झारखंड पुलिस के दो डीजी रैंक के अफसर अजय कुमार और आरके मल्लिक रिटायर हो जायेंगे। इसके बाद एस भाटिया के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट जाने के बाद झारखंड पुलिस में डीजी रैंक के अफसर की संख्या चार हो जायेगी।

# डीजी आरके मल्लिक को दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस में डीजी रैंक के अफसर अजय कुमार सिंह और आरके मलिक शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इसको लेकर डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में आरके मल्लिक की सेवानिवृत्ति को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। वहीं पूर्व डीजीपी अजय कुमार के विदाई को लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अजय कुमार वर्तमान में झारखंड पुलिस हाउसिंग में एमडी के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि आरके मलिक डीजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित थे।



### पांच में से बचेंगे डीजी रैंक के सिर्फ तीन अफसर

झारखंड पुलिस में अब डीजी रैंक के अफसरों की संख्या वर्तमान में पांच है। आरके मल्लिक और अजय कुमार के कल सेवानिवृत्त होने के बाद डीजी रैंक के तीन अफसर झारखंड पुलिस में बचेंगे। इनमें अनुराग गुप्ता, अनिल पालटा और प्रशांत सिंह शामिल हैं। वहीं दूसरी तरह झारखंड कैडर के आइपीएस एमएस भाटिया जनवरी 2025 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आये। 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी एमएस भाटिया वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और सीआरपीएफ में आइजी एडमिन हैं। गौरतलब है कि इससे पहले एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति मिल चुकी है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी दी थी।

# राज्यपाल ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से नयी दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

वहीं दूसरी और राज्यपाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नयी दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के मध्य राज्य की शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## भाजपा की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया शुरू, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# सभी मिलकर सर्वस्पर्शी भाजपा बनायें: बाबूलाल

### भाजपा आंतरिक और बाह्य दोनों लोकतंत्र में विश्वास करती है : संबित पात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई ने संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की सांगठनिक सदस्यता अभियान और सांगठनिक चुनाव एक महापर्व है, जिसे हम स्वस्थ और प्रसन्नता के वातावरण में उत्सव की तरह मनाना है। मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बाद प्रदेश में पार्टी ऑनलाइन सदस्यता अभियान चला रही है, जिसमें लोग बढ़ चढ़ कर शामिल




हो रहे। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा ही मजबूत झारखंड का निर्माण कर सकती है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करती है। संगठन महापर्व के तहत हम सभी को मिलकर सर्व स्पर्शी भाजपा बनाना है।

राष्ट्रीय चुनाव सह अधिकारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा ने कार्यशाला में सांगठनिक चुनाव की बारीकियों और प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि है और हमें मजबूत जनाधार को और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आंतरिक और बाह्य दोनों लोकतंत्र में विश्वास करती है।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए संगठन नहीं बनाती, बल्कि हमें राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि समयबद्ध तरीके से संगठन महापर्व के कार्यों को पूरा करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाने के निर्देश दिये। आगामी एक से तीन फरवरी तक जिला एवं चार से छह फरवरी तक मंडलों में कार्यशाला आयोजित कर सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये।

कार्यशाला का संचालन एवं विषय प्रवेश प्रदेश चुनाव अधिकारी सह सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने किया। श्री वर्मा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आगे बढ़ाने के लिए देश में करोड़ों भाजपा कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे। उन्होंने संगठन महापर्व में सांगठनिक चुनाव को उमंग और उत्साह में संपन्न कराने का आह्वान किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने किया।

### चुनाव पर्यवेक्षक बनाये गये

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रांची महानगर, पूर्व सांसद पीएन सिंह, रांची ग्रामीण, अजय मारू, सत्येंद्र तिवारी गुमला, बीडी राम सिमडेगा, किशुन दास लोहरदगा, नीरा यादव पलामू, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी गढ़वा, सीमा शर्मा चतरा, नीलकंठ सिंह मुंडा लातेहार, समीर उरांव हजारीबाग, सुदर्शन भगत रामगढ़, विकास प्रीतम कोडरमा, अनंत ओझा गिरिडीह, राज पलिवार, धनबाद, बालमुकुंद सहाय धनबाद ग्रामीण, बड़कुवर गगराई और लक्ष्मण सिंह बोकारो, भानु प्रताप शाही जामताड़ा, संजय सेठ दुमका, विद्युत वरण महतो पाकुड़, आदित्य साहू देवघर, दीपक प्रकाश साहेबगंज, ब्रजमोहन राम गोड्डा, बिरंची नारायण जमशेदपुर महानगर, सुनील सिंह पूर्वी सिंहभूम, निशिकांत दुबे पश्चिम सिंहभूम, अमर बाउरी सरायकेला के चुनाव पर्यवेक्षक बनाये गये हैं।

# सॉफ्ट स्किल पर कार्यशाला का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में विवि प्रेक्षागृह में सॉफ्ट स्किल पर दो दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान की प्राचार्या डॉ सुभानी बाड़ा ने छात्रों से कार्यशाला के दौरान मिली सीख को अपने जीवन में उतारने की अपील की। ऐसे अनुभवों को उनके छात्रों के करियर के लिए उपयोगी करार दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रो. राजन तिवारी और प्रो मानोशी रॉय ने लीडरशिप पर अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर डॉ संजीव



श्रीवास्तव एवं डॉ नम्रता सिंह ने ग्रुप डिस्कशन और प्रेजेंटेशन पर उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष अपना विचार प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया।

कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने दिया। कार्यशाला के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बिजय कुमार दलान समेत राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# छत्रसाल सिंह ने की बैठक, संरक्षा और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने पर बल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरुवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी तथा निर्धारित लक्ष्य से महाप्रबंधक



को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन में संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया और कहा कि संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी जाने तथा नयी योजनाओं के कार्यान्वयन में नयी तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।


**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक और कर्मियों की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**




**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, कतरास क्षेत्र**

**बीसीसीएल सिजुआ एरिया के महाप्रबंधक सहित कर्मियों की ओर से गणतंत्र दिवश की शुभकामनाएं**





# राजघाट पहुंचे रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



### महात्मा गांधी को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजघाट, नयी दिल्ली में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर कर उन्होंने कहा कि पूज्य महात्मा गांधीजी सत्य, अहिंसा और निःस्वार्थ सेवा के प्रेरणा पुंज हैं। आज बापू के आदर्शों एवं कार्यों को याद करते हुए, राजघाट में उन्हें अपनी कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सेठ ने कहा कि ग्राम विकास की अवधारणा से राष्ट्र निर्माण की संकल्पना को साकार करने में बापू के विचार प्रेरणादायी हैं।

# महाकुंभ भगदड़ में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश राजद कार्यालय में राजद नेताओं द्वारा मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में भगदड़ के दौरान मृतक दर्शनार्थियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गयी। महासचिव आबिद अली के नेतृत्व में मौजूद नेताओं ने एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ राजद नेता पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, प्रणय कुमार बबलू, चंद्रशेखर भगत, सुधीर गोप, शब्बर फातमी, लालू साहू, शालिग्राम पांडेय और शुभम ठाकुर आदि मौजूद थे।


**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** अच्छे लोग, अच्छा बैंक | **Union Bank of India** Good people to bank with | भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India undertaking

## वाहन नीलामी बिक्री सूचना

**क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद**

वाहन जिसका नाम एवं मॉडल निचे दिए गए शेड्यूल में उल्लेखित है, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सार्वजनिक नीलामी किया जायेगा, उपरोक्त उद्देश्य के लिए अद्योहस्ताक्षरी को बैंक का अधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। संभवित खरीददारों से एतद द्वारा **"जहाँ है, जिस हालत में है और जो है के आधार पर"** नीचे उल्लेखित वाहनों की बिक्री हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | शाखा एवं संपर्क | ऋणकर्ता | बकाया राशि | वाहन का प्रकार, निर्माण वर्ष एवं पंजीयन सं. | आरक्षित मुल्य एवं ईएमडी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GGPS 82924 39566 | अंकित मित्तल | रु. 5,85,000/- | TATA PUNCH JH09BC2339, 2023 | रु. 4,00,000.00<br>रु. 40,000.00 |

**नीलामी की तिथि/ समय :** 17.02.2025, सोमवार अपराह्न 04:00 बजे

**नीलामी स्थल :** युनियन बैंक ऑफ इंडिया के संबंधित शाखा में।

**बिड एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि :** 15.02.2025, शनीवार, अपराह्न 04:00 बजे से पहले

**बीड बढ़ोत्तरी राशि :** रु. 10,000.00

सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (पच्चीस प्रतिशत), ईएमडी राशि घटाकर, जो अगले कार्य दिवस तक जमा करनी होगी और शेष राशि का भुगतान बैंकर्स चेक के रुप में नीलामी की तारीख से 15 दिनों के भीतर किया जाना है। किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी किए गए चेक/ IOI को 'शाखा प्रबंधक, युनियन बैंक ऑफ इंडिया, या संबंधित शाखा को RTGS/ NEFT के माध्यम से प्रेषित किया जाना है। अद्योहस्ताक्षरी किसी एक या सभी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित करने का अधकिार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो की जानकारी एवं वाहन निरीक्षण के लिये कृप्या अद्योहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

**प्राधिकृत अधिकारी**
युनियन बैंक ऑफ इंडिया

दिनांक : 30.01.2025 I स्थान : धनबाद

त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा ।





# महाकुंभ की झांकी को प्रथम पुरस्कार

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रस्तुतियों को किया पुरस्कृत
- जनजातीय गौरव दिवस और बिरसा मुंडा की प्रस्तुति को विशेष सम्मान
- विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि को आगे आ रहा हर वर्ग : सेठ
- संस्कृति और विरासत के साथ पूर्ण होगा विकसित भारत का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में गणतंत्र दिवस परेड 2025 के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों को पुरस्कार प्रदान किये। संजय सेठ ने सीपीडब्ल्यूडी की झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शन के कलाकारों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किये। विदित हो कि सेवाओं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ)/अन्य सहायक बलों के मार्चिंग दस्तों और विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों की झांकियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए न्यायाधीशों के तीन पैनल गठित किये गये थे। इसके तहत ये पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस दौरान महाकुंभ 2025 (उत्तर प्रदेश) को प्रथम, Eternal Reverence (त्रिपुरा) को द्वितीय और



Etikoppaka Bommalu (आंध्र प्रदेश) को तृतीय पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त जनजातीय कार्य मंत्रालय को जनजातीय गौरव दिवस पर शानदार प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया। विशेष पुरस्कार के तहत भारतीय संविधान के 75 वर्ष और जयति जय मम भारतम की प्रस्तुति को सम्मानित किया गया। समारोह में गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देने वाले कई संस्थानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को याद किया कि गणतंत्र दिवस परेड में व्यक्तियों की भागीदारी राष्ट्र के प्रति लोगों के प्यार और समर्पण को दर्शाती है। संजय सेठ ने इस तथ्य पर जोर दिया कि सभी झांकियों ने संरचनाओं के माध्यम से रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति का योगदान नहीं है, बल्कि देश को दुनिया के सबसे मजबूत राष्ट्रों में से एक बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है।

संजय सेठ ने सांस्कृतिक प्रदर्शन में 5,000 कलाकारों का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशभर के लोग इस प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड के स्टॉल को मिला गोल्ड मेडल



### गुवाहाटी में आयोजित इस्टर्न हिमालयन ट्रेड एंड एग्रीकल्चर फेयर का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गुवाहाटी।** आइटीपीओ द्वारा गुवाहाटी के असम इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट (चांदमारी) में आयोजित इस्टर्न हिमालयन ट्रेड एंड एग्रीकल्चर फेयर में झारखंड के स्टाल को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। स्टाल की उत्कृष्ट साज-सज्जा एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विकास विभाग के निदेशक एवं ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के प्रशासक विनय प्रताप सिंह (भाप्रसे) द्वारा दिया गया। इस मौके पर अमरेंद्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, प्रशांत कुमार दीपक, मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, रजनीश शुक्ला, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, उद्योग के साथ आइटीपीओ के क्षेत्रीय निदेशक रूमेला राय, इनकम टैक्स, गुवाहाटी के सहायक निदेशक एच. इमो सिंह उपस्थिति रहीं। इस कार्यक्रम में रूबेला राय, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आइटीपीओ) कोलकाता भी उपस्थित थीं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### वाटर कूलर और वाटर प्यूरिफायर दिया



रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रांची शहर स्थित पहाड़ी मंदिर को वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर सप्रेम भेंट किया गया। बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख रांची द्वारा 29 जनवरी को पहाड़ी मंदिर रांची प्रांगण में वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर को फीता काट कर लोकार्पण किया गया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रदत्त इस वाटर कूलर तथा प्यूरिफायर से सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को शुद्ध और शीतल पेय जल सुलभता से उपलब्ध होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सदैव विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सामाजिक उत्तर दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर रांची में भी बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख रांची के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरिफायर सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य कैलाश राय, तड़ित राय और गोपाल कुमार तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रवि किशोर बदुला, सहायक महाप्रबंधक, संदीप रंजन, मुख्य प्रबंधक सहित कई अधिकारियों की उपस्थिति रही ।

### राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के द्वारा टुसू पर्व के सांस्कृतिक पक्ष पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अध्यक्षीय उदगार में प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने टुसू में बनने वाले विशेष पारंपरिक पकवानों चाड़पा-पीठा, गुड पीठा, उंधी पीठा, पात-चाड़पा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक सेवानिवृत्त माड़वाडी कॉलेज रांची के डॉ वृंदावन महतो ने टुसू पर्व के समस्त पहलुओं के साथ साथ इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसू कोई राजा की बेटी नहीं, बल्कि कृषक समाज की शस्य देवी हैं। महाविद्यालय के डॉ विजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। डॉ आशुतोष ने अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड के सभी पर्व-त्योहार में आपसी प्रेम भाईचारे का भावना है। मंच संचालन डॉ अजीत मुंडा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेश महतो ने किया गया। इस मौके डॉ अहित्या कुमारी, सुषमा मिंज, भुवनेश्वर महतो, नीलू कुमारी, विकास उरांव, अमर कुमार, लावलिन होरो, डॉ मनीष चंद्र, डॉ रीता कुमारी, कांति कुमारी, डॉ स्मिता किरण, डॉ भावना कुमारी, डॉ माधुरी दास, कमिल धान के अलावा समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पद्मम महावीर को नायक समाज ने किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। नायक समाज युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में पद्मम महावीर नायक को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक ने बताया की हमारे समाज के लिए बहुत ही गर्व की बात है। साथ में कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि हमारे झारखंड वासियो के लिए और नायक समाज वर्ग के लिए बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर कोषाध्यक्ष संजय नायक और रवि नायक उपस्थित रहे।

### श्री बजरंगबली मंदिर का 31वां स्थापना दिवस समारोह तीन फरवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा के श्री बजरंगबली मंदिर का 31वां स्थापना दिवस समारोह तीन फरवरी को मनाया जायेगा। श्री महावीर पूजन समिति कृषि बाजार प्रांगण पंडरा से मिली जानकारी के अनुसार तीन फरवरी को सुबह 9 बजे से श्री हनुमानजी की पूजा और आरती होगी। सुबह 10 बजे से महावीरी पताका का पूजन और ध्वजारोहण होगा। अपराह्न 3 बजे से श्री सुंदरकांड का पाठ होगा। शाम 7 बजे महाआरती होगी और इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। स्थापना दिवस आयोजन समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गयी है।

### 200 कुष्ठ रोगियों के बीच प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद विभाग के तत्वावधान में भदानी बिल्डकॉन झुमरीतिलैया के स्व. दयाराम भदानी की स्मृति में प्रवीण भदानी एवं श्रेयस भदानी ने अनन्या मंगल के हाथों राधारानी कुष्ठ आश्रम इटकी रोड़ मे रहने वाले 200 कुष्ठ रोगियों के बीच दोपहर का भोजन प्रसाद के रूप में वितरित किया। इस आयोजन की व्यवस्था प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल और प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा और जितेंद्र महतो ने अपने सहयोगियों मित्रों ने की थी। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्रेयस भदानी इसी प्रकार एक फरवरी को शनिवार को पहाड़ी मंदिर रांची के पीछे सृजन हेल्प परिवार के मंदबुद्धि एवं मुख बधिर विशेष बच्चों के बीच अपने हाथों प्रसाद भोजन के रूप में अनन्या मंगल के साथ वितरित करेंगे।

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उच्च न्यायालय झारखंड के निर्देशानुसार शहरी नगर निकाय क्षेत्र में ओबीसी के आरक्षण हेतु ट्रिपल टेस्ट हो रही है, जिसमें कई अनियमित उजागर हो रही है। इससे ट्रिपल टेस्ट का डाटा सही प्राप्त नहीं हो सकेगा। उक्त आशय का एक मांग पत्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उक्त आशा की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शहरी नगर निकाय के चुनाव में आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट के लिए सर्वेक्षण करने वाले कर्मी घर घर जाकर सर्वेक्षण ना कर मोबाइल से कॉल कर कर रहे हैं, जिसमें सिर्फ उनकी जाति पूछी जा रही है कोई काउंटर क्वेश्चन नहीं हो रही है।



दूसरी तरफ न्यायालय के निर्देशानुसार ट्रिपल टेस्ट ओबीसी समुदाय का करना है। लेकिन जो प्रारूप के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है, उसमें अन्य वर्गों को भी शामिल किया गया है। प्रदेश महासचिव आजम अहमद ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट तभी सफल हो सकता है, जब ओबीसी समुदाय का सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जायेगा। इसलिए ओबीसी का सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया जाये, जिससे सही डाटा उपलब्ध हो सकेगा। अन्यथा सही समय पर डाटा उपलब्ध नहीं हो पायेगी और शहरी नगर चुनाव ओबीसी की हकमारी हो जायेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा महासचिव आजम अहमद, छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, संतोष सोनी, परवेज अहमद, मोईन अंसारी, दीनानाथ प्रसाद, इमरान आलम आदि उपस्थित थे।

# रांची रेलवे स्टेशन से 45 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से कुल आठ बोरियों में 45 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में बिहार के बक्सर निवासी चंदा कुमार चौधरी, अभिषेक प्रधान और उपेंद्र चौधरी शामिल है। आरपीएफ निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने गुरुवार को बताया कि रांची रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की फ्लाइंग टीम, आरपीएफ रांची तथा सीआईबी रांची की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर



एक पर ओवरब्रिज के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को बैगों में भारी सामान के साथ बैठे देखा गया। संदेह होने पर तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की गयी। इनके पास कुल 8 बोरियों में 45 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। सहायक सुरक्षा आयुक्त, अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी पैकेटों की डीडी किट से जांच की गयी, जो पॉजिटिव पायी गयी। बरामद गांजा की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये बताया गया है। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, गांजा और संदिग्धों के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया और जीआरपी रांची को सौंप दिया गया।

टीम में उपनिरीक्षक सोहन लाल और कमल दास स्टाफ पवन कुमार, एएसआइ रवि शेखर, स्टाफ एमडी अलीम, आरके सिंह, हेमंत, डीके जीतरवाल, वी एल मीना शामिल थे।

# भारत के ऊर्जा क्षेत्र में स्टार्टअप्स की नयी क्रांति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत में ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार और स्टार्टअप्स मिलकर एक नयी दिशा में काम कर रहे हैं। 'एनर्जाइज इंडिया' जैसे कार्यक्रम न सिर्फ नये विचारों को प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि देश के ऊर्जा भविष्य को और भी मजबूत बनाते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओएनजीसी मुख्यालय में 'एनर्जाइज इंडिया' कॉन्क्लेव के दौरान अविन्या'25 और वसुधा स्टार्टअप चैलेंज के विजेताओं की घोषणा की। भारत की प्रमुख ऊर्जा स्टार्टअप प्रतियोगिता, अविन्या'25 के विजेता उजानीवासी प्राइवेट लिमिटेड थे। उपविजेता ब्रीथ इएसजी प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीविजय, एपीरो एनर्जी और यूग्रीन




टेक्नोलॉजी थे। अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्टअप चैलेंज, वसुधा के लिए विजेता लैटिन एनर्जी पार्टनर्स आइएनसी, पैराग्वे था तथा उपविजेता अल्ट्रासाउंड प्रोसेस कंसल्टिंग एलएलसी, यूएसए था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, हम स्टार्टअप्स के लिए 547.35 करोड़ का फंड उपलब्ध करा रहे हैं। ये नवाचार न सिर्फ रोजगार के नये अवसर प्रदान करेंगे, बल्कि भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ले जायेंगे।

# हाइपोथायरॉइडिज्म के लक्षण महसूस हो रही हैं, तो डॉक्टर से परामर्श लें : डॉ राकेश लाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारस हॉस्टिपल एचइसी के सीनियर कंसलटेंट फिजिशियन डॉ राकेश लाल ने कहा कि हाइपोथायरायडिज्म एक हार्मोनल समस्या है। इसे अंडरएक्टिव थायरॉयड भी कहते हैं। यह तब होता है जब थायरॉयड ग्रंथि, शरीर की जरूरतों के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में थायरॉइड हार्मोन नहीं बना पाती। यह हार्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म (चयापचय) को नियंत्रित करने में मदद करता है। थायरॉयड ग्रंथि गर्दन के सामने स्थित होती है और शरीर के विभिन्न अंगों के सही ढंग से काम करने के लिए महत्वपूर्ण है। थकान लगना, वजन बढ़ना, त्वचा में सूखापन आना, ठंड सहने में कठिनाई आना, बालों का झड़ना,




डिप्रेशन, मांसपेशियों में दर्द या कमजोरी, नींद में परेशानी, हृदय गति धीमी होना आदि लक्षण है। इसके मुख्य कारण आयोडीन की कमी होना है। इसके अलावा ऑटोइम्यून बीमारी (जैसे हाशिमोटो थायरॉयडिटिस), थायरॉयड ग्रंथि की चोट या ऑपरेशन, कुछ दवाओं का सेवन से उसके दुष्प्रभाव, धूम्रपान, खराब खान-पान, एक्सरसाइज की कमी, तनाव लेना, पूरा आराम न मिलना, मासिक धर्म में अनियमितताएं या भारी रक्तस्राव, थायरॉयड का बढ़ने से समस्याएं हो सकती है। अगर आपको हाइपोथायरॉइडिज्म के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो डॉक्टर से परामर्श करें और थायरॉयड हार्मोन टेस्ट करवाएं। पारस हॉस्पिटल में इस रोग का जांच और परामर्श उपलब्ध है।

डॉ राकेश लाल ने कहा कि हाइपोथायरॉइडिज्म का इलाज आमतौर पर थायरॉयड हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के जरिए किया जाता है। डॉक्टर सामान्यतः लेवोथायरॉक्सिन नामक दवा देते हैं, जो शरीर में थायरॉयड हार्मोन की कमी को पूरा करती है। इसके इलाज के लिए कई टेस्ट कराये जाते है। इनमें टीएचएस, टी4, थायरॉयड अल्ट्रासाउंड या स्कैन आदि करवाते हैं। हाइपोथायरायडिज्म के उपचार में आमतौर पर हर दिन थायरॉयड हार्मोन दवा लेवोथायरोक्सिन (लेवो-टी, सिंथ्रोइड, अन्य) लेना शामिल है।

पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में सभी तरह की बीमारियों का इलाज अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। यहां पर मरीजों का विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों का इलाज किया जा रहा है। साथ ही साथ आयुष्मान योजना, इसीआइ एवं अन्य इंश्योरेंस के तहत इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

### जेसीआइ रांची उड़ान का 13वां शपथ ग्रहण समारोह

# अदिति मेवाड़ा ने अपनी टीम के साथ संभाली जेसीआइ रांची उड़ान की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था जेसीआइ रांची उड़ान के 13वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरुवार को होटल ली लेक में किया गया। इस समारोह में अदिति मेवाड़ा ने अपनी टीम के साथ जेसीआइ रांची उड़ान की कमान संभाली। कार्यक्रम में जेसीआइ रांची उड़ान की आइपीपी ट्विंकल छावनीका ने अदिति मेवाड़ा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी। इसके बाद अदिति मेवाड़ ने अपनी नयी टीम को शपथ दिलाया। नई टीम में उपाध्यक्ष राखी खिरवाल, कोमल रुंगटा, निधि बियानी, पलक नरेडी, विनीता पोद्दार, श्रेष्ठा वालिया, सचिव प्रिया लखोटिया, कोषाध्यक्ष अंजना अग्रवाल, सह सचिव खुशी पाटोदिया, निदेशक अर्पिता पोद्दार, रिंकू चौधरी, रेखा रायका, खुशबू



बागला, प्रिया बुधिया, प्रियंका साबू, ज्योति पोद्दार और कंचन पोद्दार शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ नम्रता मानसरिया ने नयी टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि जेसीआइ रांची उड़ान के सदस्य कई सामाजिक कार्य करती आ रहीं है। यह कार्य लगातार आगे बढ़ता रहना चाहिए। वहीं, जेसीआइ रांची उड़ान की फाउंडर अध्यक्ष राखी जैन ने भी नयी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनको हर तरह का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर जेसीआइ रांची के अध्यक्ष प्रतीक जैन, जेसीआई रांची उड़ान की पूर्व अध्यक्ष आभा भंडारी, अर्चना मुरारका, वृंदा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, निधि सर्राफ, राखी गंगवाल के अलावा संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर जीतो, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा, जेसीआइ नियो, जेसीआइ यूथ समेत अन्य संस्थाओं की प्रतिनिधि भी मौजूद थीं।

# राष्ट्रीय जतरा महोत्सव आज से, दिखेगी आदिवासी मूलवासी संस्कृति और परंपरा

### 250 खोड़हा दल जतरा में होगा मुख्य आकर्षण का केंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति ने रांची के मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी से एक फरवरी तक दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2025 का आयोजन किया है। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस संबंध में समिति ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष नरेश पाहन ने बताया कि जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति विभाग के मंत्री चमरा लिंडा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में झारखंड, ओड़िशा,



पश्चिम बंगाल, असम और बिहार और के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक भोजन, कला, संस्कृति, साहित्य और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का दूसरा वर्ष है और इस वर्ष 33 अनुसूचित जनजाति के लोग अपने अपने खोड़हा दल के साथ इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वहीं झारखंड के अलावा अन्य पांच राज्यों से कुल 250 खोड़हा दल हिस्सा लेंगे, जो अपने आप में ऐतिहासिक होगा। उपाध्यक्ष अमित मुंडा ने कहा कि हम लोग गांव घर में अक्सर इस तरह के जतरा का आयोजन करते हैं, लेकिन राजधानी रांची में राज्य के 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग एक साथ इतना भव्य जतरा का आयोजन करना अपने आप में ऐतिहासिक है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, रवि मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो, विक्की करमाली, मीडिया प्रभारी निरंजन भारती, महासचिव ज्योत्सना करकेटा, अनिल उरांव, राधा हेंब्रम, उपाध्यक्ष अमित मुंडा, मिथिलेश कुमार, राकेश मुंडा, अमित तिर्की, अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष विक्की करमाली, सचिव अरुण पहान सहित अन्य शामिल थे।






# 27 साल पहले छोड़ा था घर, महाकुंभ मेले में अघोरी साधु के भेष में मिला

## परिवार वाले उन्हें वापस लाने पर अड़े हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कुंभ मेले में भाई, पति, पत्नी और परिवारों के बिछड़ने और फिर से मिलने को लेकर कई फिल्में बनी हैं। तकदीर, कुंभ की कसम, अमर अकबर एंथनी, अधिकार, मेला और धर्मात्मा जैसी ऐसी कई हिट फिल्में हैं जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया, लेकिन आज हम जो कहानी बताने जा रहे हैं, वह कहानी तो फिल्मी है, पर किसी फिल्म का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह एक सच्ची घटना है, लेकिन इस कहानी में थोड़ी ट्रेजडी है।

27 साल पहले जो शख्स घर छोड़ कर चला गया था, अब वह कुंभ मेले में मिला है, वह भी साधु के वेश में, लेकिन उससे भी बड़ी बात यह है कि 27 साल बाद वह अपने परिवार को पहचानने से भी इनकार कर रहा है। वहीं उसका पूरा परिवार उसे फिर से घर लाने पर अड़ा हुआ है, परिवार डीएनए टेस्ट की मांग कर रहा है।

धनबाद के भूली स्टेशन के बगल में स्थित श्याम नगर में रहने वाले गंगा सागर यादव का पूरा परिवार उन्हें वापस पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। हो भी क्यों न, 27 साल बाद एक पत्नी को उसका पति, एक बेटे को उसका पिता, एक मां को उसका बेटा और भाइयों को उसका भाई जो मिल गया।

### 1998 से थे लापता

दरअसल, गंगा सागर यादव 27 साल पहले 1998 में घर छोड़कर चले गये थे। परिवार वालों ने काफी तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चला। फिर एक दिन अचानक पूरे परिवार की आंखों और चेहरों पर खुशी दौड़ गयी जब रिश्तेदारों ने गंगा सागर का वीडियो और फोटो भेजा। गंगा सागर अब अघोरी साधु बन गए हैं। रिश्तेदार कुंभ स्नान के लिए गए थे, जहां उन्हें गंगा सागर अघोरी साधु के वेश में दिखाई पड़े. रिश्तेदारों ने वीडियो और फोटो बना कर परिवार वालों को भेजा. गंगा सागर को देख कर परिवार को खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद गंगा सागर की पत्नी धनवत्तो देवी, बेटा कमलेश यादव, भाई मुरली यादव समेत परिवार और आसपास के करीब दस लोग कुंभ पहुंचे। कुंभ पहुंचने पर गंगा सागर अघोरी साधु के वेश में मिले। सभी ने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन पहले तो गंगा सागर परिवार वालों से बात ही नहीं करना चाहते थे, वहीं जब बात की, तो उन्होंने अपने परिवार वालों को पहचानने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि वह बनारस के डुमरी के रहने वाले हैं। पत्नी, बेटे और परिवार के अन्य लोगों ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मान। अंत में सभी लौट गये।

### साड़ी खरीदने निकले थे घर से फिर नहीं लौटे

पत्नी धनवत्तो देवी का कहना है कि 27 साल पहले की बात है, हम लोग गांव में थे। छोटे देवर की शादी थी। उस दौरान वह यहां से निकले थे। वे बोल कर गये थे कि शादी के लिए साड़ी खरीदने जा रहे हैं। उसके बाद उनका कहीं पता नहीं चला। कुंभ से एक रिश्तेदार ने वीडियो भेजा था, जिसमें पति नजर आ रहे थे। इसके बाद हम उन्हें लाने कुंभ गये थे। उनसे हमारी बात भी हुई, लेकिन वह हमें पहचानने से भी इनकार कर रहे हैं। धनवत्तो देवी ने कहा कि वह मेरे पति हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि मुझे मेरे पति से मिलवाया जाये। वहीं बेटे कमलेश यादव ने कहा कि हम दो भाई हैं। दूसरे भाई का नाम विमलेश यादव है, जब पिताजी हमें छोड़ कर गये, उस समय हम महज दो साल के थे। मेरी मां, भाई, चाचा, गांव के सभी बड़े-बुजुर्ग उन्हें पहचान रहे हैं। अगर वह हमारे पिता नहीं हैं, तो वो जिसे अपना परिवार बता रहे हैं, हमें उनसे मिलवा दीजिए। अगर वह डीएनए टेस्ट के लिए तैयार हैं, तो हम डीएनए टेस्ट भी कराना चाहते हैं। गंगा सागर की मां कालो देवी कहती हैं कि हम चाहते हैं कि मेरा बेटा किसी तरह मेरे पास वापस आ जाये।

### गंगा सागर का दोस्त भी उनके साथ

गंगा सागर के भाई बद्री यादव और मुरली यादव ने बताया कि 27 साल पहले उनके भाई के साथ उनका एक और दोस्त गया था, उसका नाम राजकुमार गोसाई है। वह बगल में ही रहता था। दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे। कुंभ में राजकुमार गोसाई भी उसके साथ है। 27 साल पहले राजकुमार के यहां से जाने के बाद उसका पूरा परिवार बिहार के छपरा में शिफ्ट हो गया है। बता दें कि गंगा सागर यादव का पूरा परिवार मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिले के पालनपुर बेहरा गांव का रहने वाला है। चार भाइयों में मुरली यादव पहले नंबर पर हैं। प्रयाग यादव दूसरे नंबर पर, गंगा सागर यादव तीसरे नंबर पर, बद्री यादव चौथे नंबर पर हैं. गंगा सागर के दो बेटे छोटे हैं, छोटा बेटा कमलेश और बड़े का नाम विमलेश यादव है। वहीं पत्नी का नाम धनवतो देवी है। गंगा सागर के पिता का नाम स्व. देवलाल यादव था। परिवार उन्हें वापस लाना चाहता है।

# बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के छात्रों के लिए तनाव प्रबंधन सत्र का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने और उन्हें संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए सहजयोग द्वारा एक विशेष तनाव प्रबंधन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य था– सहजयोग अपनाएं, स्वस्थ और संतुलित जीवन पायें। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते शैक्षणिक और करियर दबाव को देखते हुए, सहजयोग संस्था द्वारा यह पहल की गयी। इस सत्र में छात्रों को ध्यान और सहजयोग तकनीकों के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने और तनाव को नियंत्रित करने के उपाय सिखाये गये।

सहजयोग की संस्थापिका माता निर्मला देवी हैं, जिन्होंने मानव समाज को मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सहजयोग प्रशिक्षक रीना सिंह, रेखा ऐश्वर्या और सुमित्रा ओरांव ने छात्रों को आंतरिक ऊर्जा जागरण (कुंडलिनी जागरण) और ध्यान अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि नियमित ध्यान से एकाग्रता में वृद्धि, मानसिक तनाव में कमी और आत्मविश्वास में सुधार होता है। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें बिनय कुमार सिंह (एडिशनल ग्रुप डायरेक्टर), अमित कुमार सिंह (रजिस्ट्रार), राहुल कुमार, राजीब कुमार सिंह, अतुल आनंद, महाबीर प्रसाद, दीपक कुमार, अमित वशिष्ठ, अरुण कुमार सिन्हा, मनीश कुमार, रिझरे लाकरा, धीरज कुमार, मानसी कुमारी, राजू महतो, प्रियंका देवी, नेहा झा और विभिन्न शैक्षणिक अधिकारी शामिल थे।

# वैश्य मोर्चा ने गांधीजी को श्रद्धांजलि दी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, संगठन महासचिव कृष्णा साहू, अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य नरेश साहू, हृदय अग्रवाल, सत्यजीत मंडल ने बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2025/03, दिनांक 29.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा **अपराह्न 3.30 बजे खोली** जाएंगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बयाना राशि** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) ई-केजीपी-एचक्यू-03-2025,** सहायक मंडल अभियंता/सेटेलमेंट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर में केंद्रीयकृत दूरसंचार भंडार के लिए गोदाम एवं कार्यालयों का निर्माण; रु. 1,91,58,231.06; रु. 2,45,800; **(2) ई-केजीपी-ईस्ट-06-2025,** मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन शालीमार स्टेशन में नए 60 बिस्तर वाले रनिंग रूम के निर्माण कार्य का निष्पादन (दूसरा आमंत्रण); रु. 3,31,24,165.26; रु. 3,15,600। **(3) ई-केजीपी-साऊथ-06-2025,** एएक्सईएन/बीआरएल/खड़गपुर के अधीन हावड़ा-सांतरागाछी-आमता अनुभाग में पुल सं. 4 (1x30.5 मी), 6 (1x45.7 मी), 20बीएसी (1x45.7मी), 75 (1x30.5मी), खड़गपुर-रुपसा-राजालोका अनुभाग के पुल सं. 168अप (1x12.2मी+3x30.5मी), 48एसएल (2x30.5मी), 105एसएल (3x30.5मी), तमलुक-दीघा अनुभाग के पुल सं. 30एसएल (1x30.5मी), 35एसएल (1x30.5मी), 85एसएल (1x45.7मी), 110एसएल (1x30.5मी), 129एसएल (2x12.2मी पीएससी+1x30.5मी), 135एसएल (1x45.7मी), 160एसएल (1x45.7मी) तथा खड़गपुर-नीमपुरा-टाटानगर अनुभाग में आरओआर-5 (1x30.5), आरओआर-2 (1x45.7मी) एवं 133ए आरओआर (1x14.7मी) में स्टील गर्डर पुलों में साइड पाथवे का निर्माण; रु. 4,21,03,076.01; रु. 3,60,500/-; **(4) ई-केजीपी-ईस्ट-07-2025,** सांतारागाछी में कार्य का निष्पादनः मंडल अभियंता/ईस्ट के क्षेत्राधिकार के अधीन सांतारागाछी कोचिंग यार्ड के रिसिप्शन यार्ड में पूरी लंबाई के एलएचबी रेकों के परीक्षण के लिए 02 अदद लाइनों (लाइन सं. 4 एवं 5) की लंबाई में वृद्धि के साथ पिट का विस्तार तथा आवश्यक जरूरी अवसंरचना का प्रावधान (दूसरा आमंत्रण); रु. 15,50,36,790.65; रु. 9,25,200/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **खुलने की तारीखः** क्रमांक 1 के लिए 11.02.2025; क्रमांक 2 के लिए 17.02.2025, क्रमांक 3 के लिए 18.02.2025 तथा क्रमांक 4 के लिए 20.02.2025. **कार्य समापन अवधिः** क्रमांक 1 के लिए 12 महीने, क्रमांक 2 के लिए 09 महीने तथा क्रमांक 3 एवं 4 के लिए 18 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** क्रमांक 1 के लिए 17.01.2025 से 11.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक, क्रमांक 2 के लिए 03.02.2025 से 17.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक, क्रमांक 3 के लिए 04.02.2025 से 18.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक तथा क्रमांक 4 के लिए 06.02.2025 से 20.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1081)

# रांची में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम ने दी दस्तक, वेंटिलेटर पर बच्ची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रहस्यमयी बीमारी गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) ने रांची में भी दस्तक दे दी है। इस बीमारी से ग्रसित साढ़े पांच साल की बच्ची को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि इस बीमारी से घबराने की जरुरत नहीं है, लेकिन सावधानी और समय पर इलाज एकमात्र बचाव का जरिया है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से ग्रसित बच्ची का इलाज कर रहे चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ राजेश ने ईटीवी भारत को बताया कि करीब आठ दिन पहले एक दंपत्ति इस बच्ची को लेकर आए थे, तब बच्ची की हालत बेहद गंभीर थी। वह मूव नहीं कर पा रही थी। सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी, लेकिन बच्ची को आईवीआईजी और मिथाइल प्रेडनीसोलोन दवा देकर वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। फिलहाल बच्ची की हालत स्टेबल है, अब वह आंखें खोल रही है। पहले से बच्ची की हालत ठीक है, लेकिन रिकवर नहीं कर पा रही है। डॉक्टर राजेश ने बताया कि यह कोई रेयर बीमारी नहीं है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम यानी जीबीएस ऑटोइम्यून न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। इम्यून सिस्टम अपनी ही बॉडी की नसों पर अटैक करता है। इसकी वजह से मरीज को चलने-फिरने और सांस लेने में परेशानी होती है, इससे बच्चों और बुर्जुगों को खतरा है। उन्होंने कहा कि बच्ची को जब लाया गया था, उसी वक्त लक्षण देखकर बीमारी की गंभीरता का अंदाजा लग गया था।

**पूर्व तट रेलवे**

**फाइल सं. DRM/Engg/KUR/24-25/ E-Tender/100, दिनांक : 27.01.2025**

**(1) निविदा सं. eTender-CenKUR-295-2024, दिनांक : 17.01.2025**

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P-WAY) ढेंकानाल के अधीन ढेंकानाल यार्ड के रूट-1 एवं रूट-4 में 1.44 कि.मी. लंबाई के लिए CTR(S) का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 41.10 लाख, EMD : ₹ 82,200/-

**(2) निविदा सं. eTender-CenKUR-296-2024, दिनांक : 17.01.2025**

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P-WAY) ढेंकानाल के अधीन सदाशिबपुर यार्ड के रूट-1 एवं रूट-4 में 1.392 कि.मी. लंबाई के लिए CTR(S) का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 39.56 लाख, EMD : ₹ 79,100/-

**पूरा होने की अवधि:** 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 06 (छह) महीने (क्रम सं. 2 हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 07.02.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।


उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-933/P/24-25

# एक साथ चार फ्लैट्स का ताला तोड़ लाखों की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर में एक साथ चार फ्लैट का ताला तोड़कर चोर लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार हो गये। घटना गुरुवार अहले सुबह की है।

जानकारी के अनुसार चार की संख्या में आए चोरों ने यहां फ्लैट नंबर 406, 502, 507 और 304 का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इन फ्लैट्स के मालिक घरों में ताला बंद कर बाहर गए हुए थे। घरों से 10 लाख से ज्यादा के जेवरात और 5 लाख से ज्यादा की नकदी चोरी की गयी है। एकलव्य टावर की सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने वाले सभी चोरों की तस्वीर कैद हुई है। चोर हाथ में हथौड़ी और ताला तोड़ने वाले दूसरे औजार लेकर अपार्टमेंट में घुसे थे। चोरों ने अपना चेहरा छुपाने के लिए मंकी कैप पहन रखा था।

एकलव्य टावर में रहने वाले कौशल कुमार ने बताया कि अपार्टमेंट की रखवाली के लिए गार्ड रखा गया है। रात में गार्ड मौजूद भी था लेकिन उसम समय वह सोया हुआ था। फिलहाल पुंदाग पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुंदाग ओपी प्रभारी कृष्ण तिवारी ने बताया कि चोरी के संबंध में अभी तक लिखित आवेदन नहीं आया है। सभी बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले में अपार्टमेंट के गार्ड से भी पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# समाजवादी पार्टी झारखंड में 25 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है : रंजन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाजवादी पार्टी ने झारखंड में अपनी जमीन मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। पार्टी ने राज्य में 25 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। गुरुवार को पुराना विधानसभा सभागार में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि झारखंड में सपा का काफी मजबूत स्थिति में है। विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हमारे प्रत्याशी बहुत ही कम वोटों के अंतर से हारे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश के ईमानदार नेता हैं। जनता के बीच उनकी स्वच्छ छवि है। उनके दिशा निर्देश में पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड में भी पार्टी विस्तार चाहते हैं। इस लिए प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में पार्टी 25 लाख नये सदस्य बनायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय की चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़ेगी।

## महात्मा गांधी के योगदान को राष्ट्र हमेशा याद करेगा : मंजूनाथ भजंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान, रांची में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रध्दांजलि। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए लिखा कि सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और मानवता के उपासक, हम सब के आदर्श राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मृति दिवस पर उन्हें शत शत नमन। बापू ने अहिंसा और स्वच्छता का जो संदेश दिया है, वह अनंतकाल तक विश्व को दिशा दिखाता रहेगा।

**RANCHI UNIVERSITY RANCHI**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited for the, total tent job including water proof pandal, designed gate, lighting decoration with generator. flower decoration, videography and photography and sound system on turnkey basis, for the 38th Convocation 2025 scheduled to held on 7th March 2025. of Ranchi University at Dikshant Mandap campus of Ranchi University from the reputed Tent House (registered in Jharkhand Govt.) with Head Office in Ranchi city and having experience of carrying such job on the National and State level event for the value of not less than Rs. 50.00 lacs in the State of Jharkhand.

Detailed tender papers can be downloaded from Ranchi University website: www.ranchiuniversity.ac.in. Tender paper cost **Rs. 2000.00 (Rupees Two Thousand only)** in the shape of D.D. in favour of **Registrar, Ranchi University** payable at Ranchi must be submitted with tender upto 17/02/2025 in the office of C.C.D.C. till 2.00 PM and it will be opened on the same day at 3.00 PM in the office chamber of C.C.D.C.

The undersigned reserved the right to accept or reject full/partial bid without assigning any reason thereof.

By order of the Vice Chancellor
Sd/-
Registrar
Ranchi University, Ranchi

Memo No.: PL/1336/25
Dated : 30/01/2025

## मात्स्यिकी विकास की संभावनाओं पर कार्यशाला आयोजित

# मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनायें : एहतेशामुल हक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची/गोड्डा।** गोड्डा जिले के बढ़ौना स्थित जिला संयुक्त कृषि भवन के आत्मा सभागार में मात्स्यिकी विकास की संभावनाओं पर एक दिवसीय मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 200 से अधिक महिला एवं पुरुष मत्स्य कृषक शामिल हुए। कार्यशाला में मो एहतेशामुल हक, सदस्य, जिला परिषद, गोड्डा ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि योजनाओं को सही ढंग से कार्यान्वित कर मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनायें।

इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, गोड्डा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी के प्रतिनिधि, कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केंद्र, अग्रणी बैंक प्रबंधक, गोड्डा, जिला प्रबंधक सीएससी, गोड्डा ने भाग लिया। उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी मत्स्य कृषकों को दी गयी। साथ ही मत्स्य विकास की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया गया। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार, धुर्वा, रांची की ओर से कार्यशाला में भाग लेने वाले मत्स्यकृषकों का निबंधन किया गया। जिला प्रबंधक, सीएससी, गोड्डा द्वारा भारत सरकार के पोर्टल नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मत्स्य पालकों एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों का ऑनलाइन निबंधन किया गया। मत्स्य विभाग की ओर से वेद व्यास आवास निर्माण, मछली सह बत्तख पालन एवं महाझींगा पालन आदि योजनाओं के संचालन हेतु चयनित लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। उक्त जानकारी नंदन झा ने दी।

# ट्रंप और मोदी की दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद जिस तरह से खुद ट्रंप ने पीएम मोदी के अगले महीने वॉशिंगटन आने की घोषणा की, उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। कहीं न कहीं इससे इस संभावित यात्रा की अहमियत रेखांकित होती है। अच्छी बात यह भी है कि ट्रंप के खुलेपन के चलते द्विपक्षीय रिश्तों के अगले दौर को लेकर होने वाली बातचीत का एजेंडा काफी हद तक स्पष्ट हो गया है।

**अवैध प्रवासी :** ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है औरसही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है। इसलिए इस पर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति है। यानी अब व्यावहारिक पहलुओं पर ही कुछ स्पष्टता लाने की जरूरत होगी।

**ट्रंप की खास शैली :** ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि वह चाहते हैं भारत अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाये। फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने पर भी उनका जोर है। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने चीन और ब्राजील के साथ ही भारत का नाम लेते हुए टैरिफ लगाने की धमकी दी। अगर ट्रंप की अपनी खास शैली से अलग हट कर देखें तो ये सभी ऐसे मसले हैं, जिन पर पॉजिटिव नजरिए से बातचीत के जरिए सहमति बनाना मुश्किल नहीं होगा।

> ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है औरसही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है।

**सहयोग की जरूरत :** ट्रंप की बातों से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग की जरूरत को महसूस करते हैं। अगर ट्रंप चाहते हैं कि भारत, अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाये तो जाहिर है कि उससे होने वाले फायदे उनकी नजरों से छुपे हुए नहीं हैं। भारत ने भी फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने और खरीद बढ़ाने को लेकर खुलापन दिखाया है।

**पॉजिटिव संकेत :** ये संकेत काफी पॉजिटिव हैं। खुद ट्रंप भी यह समझते हैं और उन्होंने कहा भी है कि हर देश ये बातें अपने राष्ट्रहित के आधार पर ही तय करता है। साफ है कि आने वाले दिनों में दोनों पक्षों की बातचीत काफी महत्वपूर्ण होगी। इस बातचीत से पॉजिटिव नतीजों की उम्मीद ना करने की कोई वजह नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

बोर्ड की परीक्षाएं सिर पर आ जाती हैं। दसवीं के बोर्ड। बारहवीं के बोर्ड। जिनका दसवीं का बोर्ड होता है, वे पहली बार बोर्ड की परीक्षा दे रहे होते हैं। पहली बार की अपनी अलग एंजाइटी होती है। आप कितना भी कहो कि कोई बात नहीं, जस्ट रिलैक्स। वे रिलैक्स नहीं होने वाले। यह अलग बात है कि कोई बात नहीं, रिलैक्स बोलने वाले लोग बहुत कम मिलते हैं उन्हें। स्कूल के टीचर्स को अपने स्कूल के परफॉर्मेंस और अपने खुद के परफॉर्मेंस की चिंता होती है। वे कहते पाए जाते हैं- ये मजाक नहीं है, बोर्ड एग्जाम हैं बोर्ड एग्जाम। यही तुम्हारे भाग्य की फाउंडेशन डालते हैं।

# बच्चों को सीने से लगा कहें - टेंशन न लें



**सुंदरचंद ठाकुर**

जनवरी का महीना शुरू होते ही स्कूलों के बच्चों में सहज ही एंजाइटी शुरू हो जाती है। बोर्ड की परीक्षाएं सिर पर आ जाती हैं। दसवीं के बोर्ड। बारहवीं के बोर्ड। जिनका दसवीं का बोर्ड होता है, वे पहली बार बोर्ड की परीक्षा दे रहे होते हैं। पहली बार की अपनी अलग एंजाइटी होती है। आप कितना भी कहो कि कोई बात नहीं, जस्ट रिलैक्स। वे रिलैक्स नहीं होने वाले। यह अलग बात है कि कोई बात नहीं, रिलैक्स बोलने वाले लोग बहुत कम मिलते हैं उन्हें। स्कूल के टीचर्स को अपने स्कूल के परफॉमेंर्स और अपने खुद के परफॉमेंस की चिंता होती है। वे कहते पाए जाते हैं- ये मजाक नहीं है, बोर्ड एग्जाम हैं बोर्ड एग्जाम। यही तुम्हारे भाग्य की फाउंडेशन डालते हैं। जो नंबर आते हैं वे जिंदगी भर के नंबर होते हैं। हमेशा वही बताने पड़ते हैं। स्कूल टीचर्स ही क्यों बच्चों के माता-पिता भी अलग टेंशन में आ जाते हैं। बच्चे का पहला बोर्ड एग्जाम न हो जैसे उनका अपना एग्जाम हो। वे तो आठवीं से ही बच्चे को तैयार करने लगे थे- देखो बेटे, दो साल बाद बोर्ड एग्जाम देना है। तो अभी से तुम्हें अपने दिमाग में बात बैठा लेनी है। अभी से एग्जाम की तैयारी शुरू कर दो। तुम कहो तो तुम्हें अभी ही कोचिंग क्लास में डाले देते हैं।

> याद रखें कि जिंदगी का इम्तहान ज्यादा बड़ा है और उस इम्तहान में हम तेरे साथ हैं।



> जिस सुकून की बच्चे दूसरी दुनिया की ओर कूच कर जाते हैं, क्या टीचर्स और माता-पिता वो सुकून उन्हें यहां नहीं दे सकते? क्यों नहीं दे सकते। वे दे सकते हैं बशर्ते कि वे जीवन का अर्थ जान लें और जिंदगी की कीमत को पैसे और नाम से ही न मापें। जिंदगी जीवन की अभिव्यक्ति है।

जैसा दसवीं के बोर्ड में होता है उससे कहीं बुरा बारहवीं के बोर्ड में होता है। अब टीचर्स को कहते सुनते हैं- असली बोर्ड एग्जाम तो यही है। दसवीं की कोई वैल्यू नहीं। कंपनियां नौकरी देने के लिए बारहवीं का ही रीजल्ट पूछती हैं। घर वाले भी कोई कसर नहीं छोड़ते- बेटा एक बार लगाना है जोर। पूरा जोर लगा दे। थोड़ा कम सोयेगा, तो कोई बात नहीं। थोड़ा कम खेलेगा तो कोई बात नहीं। एक-एक नंबर से कटऑफ लिस्ट में नाम आने से रह जाता है।

इसलिए कोई हैरानी की बात नहीं कि इस सीजन में बच्चों की आत्महत्या करने की खबरें आनी शुरू हो जाती हैं। और मरने वाला बच्चा अपने प्यारे टीचर्स और माता-पिता को सॉरी लिख कर चला जाता है। इस सॉरी का मतलब कोई ठीक से समझ नहीं पाता। हां, इसका यह मतलब तो है ही कि माफ करना मैं आप लोगों की उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया लेकिन इसका यह भी मतलब है कि आपकी जिस दुनिया में रहने के लिए इतनी सारी एंजाइटी झेलते ही रहनी है, तो मुझे यह दुनिया नहीं चाहिए। मैं दूसरी दुनिया में जा रहा हूं जहां थोड़ा तो सुकून जरूर मिलेगा।

जिस सुकून की बच्चे दूसरी दुनिया की ओर कूच कर जाते हैं, क्या टीचर्स और माता-पिता वो सुकून उन्हें यहां नहीं दे सकते? क्यों नहीं दे सकते। वे दे सकते हैं बशर्ते कि वे जीवन का अर्थ जान लें और जिंदगी की कीमत को पैसे और नाम से ही न मापें। जिंदगी जीवन की अभिव्यक्ति है। और वह कैसे होनी है यह ब्रह्मांड ने खुद तय करके सबके प्रोग्राम में सेट किया हुआ है, पर हम ब्रह्मांड के प्रोग्राम की जगह अपने डर से पैदा हुए फैसले बच्चों पर आरोपित करते हैं।

ब्रह्मांड ने एक सिंगर, एक डांसर, एक कवि, लेखक, पेंटर, एक दार्शनिक, एक अभिनेता, एक टीचर बनने का प्रोग्राम सेट किया है हुआ है और हम उन्हें कंप्यूटर इंजीनियर, एआइ एक्सपर्ट बनाने पर तुले हैं क्योंकि हमें लगता है कि वहीं पैसा है, वहीं नौकरियां हैं। माता-पिता बच्चों को अपनी अधूरी ख्वाहिशें पूरा करने वाली मशीनें बना देना चाहते हैं। अगर वे वाकई उन्हें अपनी संतान मानते हैं और उन्हें इस दुनिया में लाने की जिम्मेदारी लेते हैं, तो उनका काम है उन्हें गले लगाना। गले लगा कर कहना - एग्जाम की चिंता मत कर बेटे। कोई टेंशन न ले। मेहनत कर लेकिन चिंता मत कर। पढ़ाई कर पर टेंशन न ले। याद रखें कि जिंदगी का इम्तहान ज्यादा बड़ा है और उस इम्तहान में हम तेरे साथ हैं। तू बस टेंशन फ्री होकर एग्जाम दे।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# आदिवासी सुरक्षा परिषद का विस्तार, राम सिंह मुंडा बने महानगर अध्यक्ष

रमेश हसदा ने आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए पेसा कानून लागू करने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आदिवासी सुरक्षा परिषद कमेटी का आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रमेश हंसदा ने जमशेदपुर महानगर के नयी कमेटी का विस्तार किया। गुरुवार को नयी कमेटी में महानगर अध्यक्ष के लिए राम सिंह मुंडा और उपेंद्र नाथ सरदार को महासचिव का पदभार सौंपा गया। वहीं उपाध्यक्ष के लिए होपना महाली, प्रकाश सांडील, शरत सिंह सरदार, सचिव गणेश मुंडा, गुरबा हांसदा, कोषाध्यक्ष गणेश सरदार, सह कोषाध्यक्ष ममता भूमिज, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सुरा बिरुली, कार्यकारणी सदस्य रुद्र मुंडा, जुझार समद, धन सिंह मुंडा, प्रकाश कोया, संतोष मुंडा, शशिभूषण हांसदा, झानो तिग्गा, रीना धान, संगीता टुडू, रानी मुर्मू, गुलशन टुडू, जनता सरदार, करण मुर्मू, रॉबिन मुर्मू, सुशेन सरदार, मनोज मुंडा, विजय सोय, निर्मल हेंब्रम, पोरेश मुंडा, विष्णु सरदार, लक्ष्मण पिंगुआ कृष्णापदो सिंह, राखोहरी सिंह, गंगाधर सिंह, गुरुचरण हेंब्रम, शिवचरण सिंह, शोभा रानी कच्छप को बनाया गया। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य में प्रभु राम मुंडा (मुखिया पूर्वी काली माटी) रणजीत सिंह (मुखिया गोविंदपुर) मनोज सरदार (पोटका) खेला राम बेसरा (पोटका) कार्तिक लकड़ा (एग्रिको) काजू सांडील (जमशेदपुर) बीना नंद सिरका (घाघीडीह) बुधराम टोप्पो ( बागबेड़ा) बीएन पातर, (बिरसा नगर) चुन्नू भूमिज (सोनारी) विजय गौड को बनाया गया।

मौके पर आदिवासी सुरक्षा परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रमेश शारदा और राम सिंह मुंडा ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को शुभकामनाएं दी। मौके पर रमेश हसदा ने आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए पेसा कानून लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को लागू करने में सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है, लेकिन आदिवासी सुरक्षा परिषद ऐसा होने नहीं देगा।

उन्होंने कहा कि अगर पेसा कानून अभिलंब लागू नहीं हुई, तो सड़क से लेकर विधानसभा तक आदिवासी समाज एक जूट होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी तैयारी जमीनी स्तर पर चल रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून 1996 में बनाया। इस कानून को एक साल में राज्य सरकारों को नियमावली बनाकर ग्राम सभा में स्वशासन व्यवस्था को मजबूत बनाना था, लेकिन ऐसा विगत 28 सालों में भी नहीं हो पाया। न्यायालय में रीट दायर करने की वजह से बार-बार यह मामला अटक रहा था, लेकिन अब सभी मामलों का उच्च न्यायालय से निष्पादन हो गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए आगामी 4 फरवरी को राजनगर में बैठक होगी, उसके बाद 12 फरवरी को सालगाजुडी में बैठक रखा गया।

## विधायक ने आधार कार्ड सुधार और निर्माण के लिए की पहल

# एग्रिको कार्यालय में 3 से 7 फरवरी तक नये आधार कार्ड और जरूरी सुधार का मिलेगा लाभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश भर में आधार कार्ड नागरिकों की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुकी है। बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसकी जरूरत हर व्यक्ति को पड़ती है, लेकिन जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता की परेशानी को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने पहल शुरू दी। विधायक ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान के लिए यूआईडीएआई के अधिकारियों से वार्ता कर मार्ग प्रशस्त किया गया।



विधायक पूर्णिमा साहू।

इसके तहत एग्रीको स्थित आवासीय कार्यालय में 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आधार सुधार और निर्माण के लिए विशेष सेवा कैंप आयोजन करने का निर्णय लिया गया। विधायक कैंप कार्यालय के समीप क्षेत्र के नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकेंगे और पहले से बने कार्ड में जरूरी सुधार भी करवा सकेंगे। विधायक पूर्णिमा साहू ने क्षेत्रवासियों से अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों की सुविधा हेतु विशेष शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया, वे स्वयं आएं और अपने परिजनों का भी आधार अपडेट कराने में सहयोग करें, ताकि भविष्य में किसी भी जरूरी कार्य में उन्हें बाधा न आये। उन्होंने कहा कि एक अच्छा अवसर है, प्रत्येक नागरिकों को आधार सुधार केंद्रों पर लग रहे लंबी कतारों में बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं।

# आगामी आम बजट में मध्यम वर्ग और नौजवानों को काफी उम्मीद : राकेश पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सहायक प्राध्यापक सह झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश होना है। बजट से सबको काफी आशा है। खासकर मध्यम वर्ग के लोग और नौजवानों का ध्यान एक फरवरी पर टीका है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री से उम्मीद है की बजट रोजगार परक हो, सरकारी पदों को भरा जाये, उच्च शिक्षा में निजीकरण पर लगाम लगाया जाये, उच्च शिक्षा में शोध पर खर्च राशि बढ़ाई जाये, सरकारी संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थी के लिए पुरस्कार की घोषणा हो, शिक्षक छात्र अनुपात का पालन हो, साथ ही महिला सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाये, रेलवे में वरीय नागरिकों की सुविधा का ख्याल हो, कलाकारों के कला प्रस्तुति के लिए सफर के दौरान 75% रियायत की व्यवस्था बहाल हो, मुलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष घ्यान हो, ताकि इसे मामूली खर्चा पर सबके लिए उपलब्ध कराया जा सके।

# देश की एकता और अखंडता के लिए महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है : डीसी

## पूर्वी सिंहभूम के डीसी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय में डीसी अनन्य मित्तल अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर डीसी ने कहा कि आज के दिन देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। साथ ही देश की एकता, अखंडता के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय और प्रखंड अंचल के कार्यालयों में शहीदों को स्मरण किया गया। साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थान के अलावा कौशल विकास केंद्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय एकता के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि जिले के सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों में भी शहीदों को याद किया गया।



शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते डीसी और पदाधिकारी।

# सरायकेला उपायुक्त ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों के स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर डीसी ने शहीद दिवस के महत्व से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनगिनत व्यक्तियों ने बलिदान दिये थे। शहीद दिवस पर देशभक्ति, साहस और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के मूल्यों को प्रतिबिंबित करने का दिन है।

मौके पर उप विकास आयुक्त सह परियोजना निदेशक आईटीडीए आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न कार्यालय के वरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहें।

## महाकुंभ स्नान के लिए जाने के क्रम में गढ़वा पहुंची झारखंड की मुख्य सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने जाने के क्रम में वे अपने पति पूर्व मुख्य सचिव डी के तिवारी के साथ गढ़वा पहुंचीं। गढ़वा आगमन के बाद सबसे पहले वे अपने पति के साथ गढ़वा परिसदन भवन पहुंची, जहां उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बाद में गढ़वा परिसदन भवन में भोजनोपरांत वे श्री बंशीधर के लिए रवाना हुईं, जहां उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर का दर्शन किया। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मंदिर में स्थापित प्रतिमा को देखकर बहुत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी मन को मोह लेने वाली प्रतिमा मैं अभी तक कहीं नहीं देखी है। बहुत सुना था मंदिर के बारे में, भगवान का दर्शन करने का आज मौका मिला। श्री बंशीधर नगर में उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यहां पर्यटन के क्षेत्र में बहुत विकास की संभावनाएं हैं। सरकार यहां की विकास के लिए प्राथमिकता से सोचेगी और उचित कदम उठायेगी। बाद में वे प्रयागराज के लिए रवाना हो गयी। मौके पर श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, सिटी मैनेजर रवि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय परिसर में अवस्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, भूमि उप समाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य ने पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर सभी पदाधिकारिओं ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2025 (शहीद दिवस) के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया। शहीद दिवस कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारिओं के अतिरिक्त सहकारिता पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी सहित सभी कार्यालय कर्मिगण उपस्थित रहें।

## डीजे के प्रयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा : थाना प्रभारी



डीजे संचालकों और सरस्वती पूजा आयोजकों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी।

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना के सभागार में प्रखंड के सभी डीजे संचालकों व सरस्वती पूजा आयोजकों के साथ एक बैठक थाना प्रभारी अविनाश राज की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। थाना प्रभारी ने सभी सरस्वती पूजा आयोजकों व डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर इस निर्देश का अनुपालन में कहीं से कोई कोताही की सूचना मिलती है तो उक्त पूजा आयोजन कमिटि और संबंधित डीजे संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी, साथ ही डीजे सहित सभी उपकरण को जब्त कर लिया जायेगा। थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करें। आप सभी सरस्वती पूजा को शौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण संपन्न करें। पुलिस प्रशासन सभी के सहयोग की अपेक्षा करती है।

## बीएनटी संत मैरी स्कूल में नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के सोनपुरवा स्थित बीएनटी संत मैरी स्कूल में कक्षा यूकेजी से पांचवी तक के लिए नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन गुरुवार को 10:00 बजे से किया गया था, जिसमें कुल 187 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस जांच परीक्षा का परिणाम और चयनित अभ्यर्थियों की सूची 31 जनवरी को 11:00 बजे विद्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस परीक्षा के द्वारा मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन 5 फरवरी तक कर लेना अनिवार्य है। शेष रिक्त स्थानों पर एलकेजी से कक्षा 5 में नामांकन के लिए द्वितीय चरण में जांच परीक्षा 16 फरवरी, दिन रविवार को आयोजित होना सुनिश्चित है, जिसके लिए प्रपत्र वितरण जारी है। सभी कक्षाओं में स्थान सीमित है। जांच परीक्षा को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए कमेटी गठित की गयी थी, जिसमें परीक्षा संयोजक अजीत कुमार तथा रुक्मणी द्विवेदी, अंजू, तलत यासमीन, रमाकांत और रीना के नाम शामिल है।

## मानस महायज्ञ का आयोजन 03 फरवरी से



कांडी (आजाद सिपाही)। राणाडीह गांव में मानस महायज्ञ के 35वें अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत और गांव राणाडीह में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया है। गढ़वा जिला में लगातार 35वें मानस महायज्ञ के आयोजन का कीर्तिमान राणाडीह गांव के नाम ही दर्ज है। कार्यक्रम के अनुसार 3 फरवरी की शाम में विहित मुहूर्त के दौरान यज्ञाचार्य पंडित अवधेश मिश्र के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमत ध्वज की स्थापना की जायेगी। 4 फरवरी की सुबह पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं अरणी मंथन के साथ विधिवत यज्ञ आरंभ हो जायेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 5 बजे से पूजन हवन का कार्यक्रम शुरू हो जायेगा। वहीं दोपहर 12 बजे से संध्या 6:00 बजे तक विद्वान प्रवक्ता के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जायेगा। इस वर्ष प्रसिद्ध कानपुर से पधारने वाली साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला और वाराणसी के पवित्र भूमि से पंडित सच्चिदानंद त्रिपाठी के द्वारा संगीतमय श्री राम कथा प्रस्तुत की जायेगी। वहीं 12 फरवरी को महायज्ञ के सभी कार्यक्रमों के साथ संत विद्वानों व साधु संतों की विदाई तथा भंडारा के रूप में महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

## कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

# सरकार किसानों की मदद के लिए हमेशा तैयार है : डीसी



**उन्नत बीज और आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन, किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग के सौजन्य से जिला कृषि महाविद्यालय गढ़वा के प्रांगण में जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 800 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, जिप अध्यक्ष शांति देवी, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सभी विधायक प्रतिनिधिओं समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कृषि मेला का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए किसानों के हितो को ध्यान में रख कर कृषि विभाग कई योजनाएं चला रही है। कृषि मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। कृषि विभाग अनुदान पर किसानों को कई तरह की सुविधाएं दे रही है। सभी किसानों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और गढ़वा जिला को भी समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें। उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार का निर्देश देते हुए कहा कि सरकार किसानों की मदद के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए तालाब, आहर, सामूहिक खेती तथा पावर टीलर और ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फसल का उद्यान प्रदर्शनी लगाया गया। जिसमें कोहड़ा, कद्दू, अमरूद, पपीता, बैर, केला, मटर, नींबू, हल्दी, आलू, मूली, शलजम, मिर्चा, प्याज, अदरक, लहसुन समेत कई सब्जी और फल-फूल की प्रदर्शनी लगाया गया। मेला सह प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नई-नई तकनीक से खेती करने का जानकारी उपलब्ध कराया गया। इसके अलावे रोटावेटर प्रेयर पंप इत्यादि का भी वितरण किया गया तथा लगभग 300 किसानों को विभिन्न फसलों के प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, गव्य पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य पदाधिकारी और कृषि विभाग के कर्मी, किसान मित्र समेत अन्य उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनायी गयी। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, प्राचार्य और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण किया गया। स्कूल के निदेशक ने गांधी जी को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने दुनिया को प्रेम, सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया।

निदेशक ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने अहिंसा के माध्यम से देश को आजादी दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायी, साथ ही सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल असेंबली में छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन पर अधारित स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम प्रस्तुत किया गया।

## महात्मा गांधी ने विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया : निदेशक






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर जीएन कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का प्रकाश पुंज को फैलाया। उन्होंने यह साबित कर दिखाया कि इस मार्ग पर भी चल कर हम अपने दुश्मनों के हृदय को जीत हासिल कर सकते हैं। उनके विचार और सिध्दांत भारत को विश्व के फलक पर एक अलग पहचान दिलायी। यह सत्य और अहिंसा हमारे जीवन के हर रूप में सहायक है। उन्होंने अपने सपनों का भारत बनाने में कठिन संघर्ष किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष प्रसाद, खुर्शीद आलम, विकास कुमार, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी गुप्ता, पूजा प्रकाश, ऋषभ कुमार, रागिनी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## शहीदों की स्मृति में प्रखंड कार्यालय डंडई में रखा गया दो मिनट का मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ देवलाल करमाली के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों के अलावे गणमान्य लोगों के साथ शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीदों को नमन करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर भारत के शहीद वीर सपूतों को याद किया। इस दौरान बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि और वर्ष 2019 में गलवान घाटी में शहीद हुए 40 जवानों की याद में शहीद दिवस मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की सेवा करते शहीद होने वाले जवानों को याद करने का दिन है। हम सभी को राष्ट्र की एकता को बनाये रखने के लिए वीर शहीद जवानों का याद करना चाहिए। आज उन वीरों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। यह दिन हम सबको देश की आजादी में बलिदान देने वाले वीर सपूतों की आदर्श और कर्तव्य को निभाने की प्रेरणा देती है। आज पूरा देश अपने शहीदों को नमन कर रहा है। इन शहीदों के बदौलत आज हम लोग आजाद होकर अपने देश में स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं। इस मौके पर बीपीआरओ विकास कुमार, पंचायत सेवक सुनील कुमार, नरेश ठाकुर, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, बीडीसी लालमुनी गुप्ता, अमित द्विवेदी, मुकेश, रामजी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग

नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग - 825301
*Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com*

**हजारीबाग जिलान्तर्गत उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में सी0बी0एस0ई0 के तहत् नामांकन से संबंधित संशोधित विज्ञापन**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–67 दिनांक–08.01.2025 के आलोक में हजारीबाग जिलान्तर्गत संचालित सभी 04 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। जिलान्तर्गत निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों में उनके नाम के सामने अंकित कक्षाओं में सी0बी0एस0ई0 के तहत् नामांकन लिया जाना है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | वर्गवार रिक्ति | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ग–6 | वर्ग–7 | वर्ग–8 | वर्ग–9 | वर्ग–11 | | |
| | | | | | | कला | विज्ञान | वाणिज्य |
| 01 | जिला सी0एम0 उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग | 40 | 0 | 1 | 3 | 60 | 60 | 60 |
| 02 | सी0एम0 उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, हजारीबाग | 40 | 0 | 0 | 1 | 40 | 40 | 40 |
| 03 | सी0एम0 उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, चुरचु, हजारीबाग | 25 | 0 | 0 | 0 | 00 | 00 | 00 |
| 04 | सी0एम0 उत्कृष्ट विद्यालय, बरही, हजारीबाग | 40 | 20 | 6 | 22 | 40 | 40 | 40 |

सभी इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध है कि उपर्युक्त विद्यालयों के सामने अंकित कक्षाओं में नामांकन हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों में से किसी माध्यम से दिनांक–10.02.2025 तक संबंधित विद्यालय में जमा/ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करेंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission के द्वारा भरा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 345495 School Education and Literacy (24-25)_D



### MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA
(Email Id- midloh632@gmail.com)

**e-Procurement Notice**
**Very Short Tender Reference No.MID/LOHARDAGA/F2-19/2024-25Date –29/01/2025**

1. वेबसाइड में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :–03.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :–11.02.2025अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. ऑनलाइनई–निविदा शुल्क एवंEMD जमा करने की अंतिम तिथि/समय :– 11.02.2025 अपराह्न 5.00 बजेतक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि/समय :– 13.02.2025 अपराह्न 2.00 बजेतक।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नामएवं पता :–कार्यपालक अभियंता, लघुसिंचाई प्रमण्डल लोहरदगा।
6. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारीका मो0 न0 एवं ई–मेल आई0डी0 :–9123447090 eemidloha-cemr-jhr@nic.in
7. कार्य मद :–जिला योजना अनाबद्ध निधि
8 कार्यो का विस्तृत विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | अरूण भारती के घर से लेकर नजाद के घर की ओर पी0सी0सी0 पथनिर्माण कार्य। | जीलिंग | कुडू | 2484300.00 | 02 माह | |
| 2. | आजाद पवारिया के घर से संजय उराँव के घर की ओरपी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | जीलिंग | कुडू | 1543400.00 | 02 माह | |
| 3. | रोचो महुआटो ली मुख्य पथ पर जुमरापुल निर्माण कार्य। | रोचो | कुडू | 2138900.00 | 02 माह | |
| 4. | फटेयाटोली अखड़ासेचमनलोहरा के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | फटेयाटोली | किस्को | 2276700.00 | 02 माह | |
| 5. | कुम्बाटोली पुल से कुम्बा टोली नदी की ओर पी0सी0सी पथ निर्माण कार्य। | नवाडीहकुम्ब टोली | किस्को | 2481300.00 | 02 माह | |
| 6. | महुगाँव मुख्य पथ से आदिवासी अखड़ा की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | महुगाँव | किस्को | 2205300.00 | 02 माह | |
| 7. | कसपुर मुख्य पथसे षमषान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | कसपुर | भण्डरा | 1234000.00 | 02 माह | |
| 8. | ढोड़हा बगीचा से षमषान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | नदी नगड़ा | लोहरदगा | 1945200.00 | 02 माह | |
| 9. | जयकिषोर यादव के घर से कस्तुरबा गाँधी विद्यालय तक गार्डवाल निर्माण कार्य। | मेरम | पेशरार | 2240300.00 | 02 माह | |
| 10. | चरहू हाई स्कूल से इदरिष अंसारी के घरतक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | चरहू | किस्को | 1283800.00 | 02 माह | |
| 11. | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजार किस्को में 02 ACR एवं 01 Unit षौचालय निर्माण कार्य। | बंजारकिस्को | लोहरदगा | 2498880.00 | 02 माह | |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR 345473 (Lohardaga)24-25*D



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा

समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा- 825401
दूरभाष: (06541) 253924, इमेल- *chatrajepc@ymail.com*

पत्रांक: JEP/-134 दिनांक 27/01/2025

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा**
**जिले में संचालित 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय के लिए शैक्षणिक सत्र–2025–26 में**
**नामांकन से सम्बन्धित सूचना**

चतरा जिला अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चतरा, ईटखोरी, गिद्धौर, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुन्दा, लावालौंग, पत्थलगड्डा, सिमरिया, टण्डवा एवं झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय मयुरहण्ड एवं कान्हाचट्टी मे अनामांकित/छीजित बालिकाओं को सम्मिलित करते हुए अद्यतन शिशु पंजी में चिन्हित अथवा माता समिति से अनुशंसित छात्राओं का शैक्षिक सत्र 2025–26 में वर्ग छ: में नामांकन कराया जाना है प्रखण्डवार जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर रिक्ति निम्नवत है:–

| क्र. स. | विद्यालय का नाम | कोटिवार जनसंख्या प्रतिशत | | | | | Total Popu | नामांकन हेतु रिक्त सीट | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | OBC | MIN | BPL/OTH | | ST | SC | OBC | MIN | BPL/OTH | |
| 1 | के0जी0बी0भी0 चतरा | 3 | 21 | 48 | 3 | 25 | 100 | 14 | 1 | 19 | 2 | 14 | 50 |
| 2 | के0जी0बी0भी0 ईटखोरी | 1 | 31 | 36 | 7 | 25 | 100 | 1 | 23 | 27 | 5 | 19 | 75 |
| 3 | के0जी0बी0भी0 गिद्धौर | 1 | 18 | 44 | 12 | 25 | 100 | 1 | 13 | 33 | 9 | 19 | 75 |
| 4 | के0जी0बी0भी0 हंटरगंज | 1 | 29 | 35 | 10 | 25 | 100 | 1 | 22 | 26 | 7 | 19 | 75 |
| 5 | के0जी0बी0भी0 प्रतापपुर | 14 | 20 | 34 | 7 | 25 | 100 | 11 | 15 | 25 | 5 | 19 | 75 |
| 6 | के0जी0बी0भी0 कुन्दा | 30 | 27 | 18 | 0 | 25 | 100 | 22 | 20 | 14 | 0 | 19 | 75 |
| 7 | के0जी0बी0भी0 लावालौंग | 24 | 20 | 27 | 4 | 25 | 100 | 18 | 15 | 20 | 3 | 19 | 75 |
| 8 | के0जी0बी0भी0 पत्थलगड्डा | 7 | 13 | 48 | 7 | 25 | 100 | 5 | 10 | 36 | 5 | 19 | 75 |
| 9 | के0जी0बी0भी0 सिमरिया | 9 | 30 | 33 | 3 | 25 | 100 | 7 | 23 | 24 | 2 | 19 | 75 |
| 10 | के0जी0बी0भी0 टण्डवा | 16 | 22 | 33 | 4 | 25 | 100 | 12 | 16 | 24 | 4 | 19 | 75 |
| 11 | झा0आ0बा0वि0 मयुरहण्ड | 5 | 27 | 34 | 9 | 25 | 100 | 2 | 14 | 17 | 4 | 13 | 50 |
| 12 | झा0आ0बा0वि0 कान्हाचट्टी | 12 | 14 | 32 | 17 | 25 | 100 | 6 | 7 | 16 | 8 | 13 | 50 |
| | कुल | 111 | 258 | 390 | 66 | 275 | 1100 | 94 | 172 | 265 | 46 | 198 | 775 |

विद्यालयवार रिक्ति व नामांकन प्रक्रिया संबंधी आवश्यक जानकारी संबंधित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र अथवा विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फार्म संबंधित विद्यालय में उपलब्ध है

आवेदन/अभिलेख जमा करने हेतु सामान्य निर्देश:–

1. नामांकन हेतु अपना आवेदन/अभिलेख संबंधित प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय/प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में कार्यालय अवधि के दौरान हाथो–हाथ/डाक के माध्यम से दिनांक 30.01.2025 से 15.02.2025 तक जमा किया जा सकता है।
2. विद्यालय स्तर पर प्राप्त आवेदन में अंकित बालिकाओं के अभ्यर्थित्व जाँच, प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा करते हुए नामांकन सूची (प्राथमिकता व प्रतीक्षा सूची) का निर्धारण कर अनुमोदित सूची दिनांक–25.02.2025 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।
3. राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में जिला स्तरीय नामांकन समिति द्वारा निम्नवत कोटि के छात्राओं को प्राथमिकता देते हुए माह फरवरी के अंतिम रूप से मेधा सूची तैयार की जायेगी।

(क) आदिम जनजाति के समूह की छात्राएं।
(ख) ट्रैफेकिंग से प्रभावित बालिकाएं।
(ग) नक्सल प्रभावित बालिकाएं।
(घ) अनाथ बच्चे।
(ड) एकल अभिभावक बच्चे।
(च) सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाएं।
(छ) अन्य

4. मार्च 2025 में चयनित छात्राओं को सूचित करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर अप्रैल 2025 से शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा.शि.प., चतरा

PR 345503 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## साइबर अपराध से निपटने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** इव दिनों साइबर अपराध के मामले दिनो-दिन बढ़ते जा रहें हैं। जिस कारण लोग ठगी, ब्लैकमेलिंग, झूठे मामले आदि के शिकार हो रहे हैं। इसमें अधिक चिंताजनक स्थिति महिलाओं और बच्चियों की है। इसी के मद्देनजर कसमार प्रखंड के टांगटोना और दुगार्पुर पंचायत में सहयोगिनी संस्था की ओर से साइबर अपराध पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोगिनी की प्रशिक्षिका प्रतिमा सिंह ने कहा कि साइबर ठग लड़कियों-महिलाओं को विशेष कर भावनात्मक जाल में फंसा कर परेशान कर रहे हैं। साइबर अपराधी नीजि जानकारी हासिल कर या कोई झूठे मामले का जिक्र कर ब्लैकमेल करते हैं। साथ ही निजता का हनन करते हुए अपराध करते हैं। बताया गया कि कुछ माह से डिजिटल अरेस्ट के लिए अचानक एक फोन कॉल आता है, जिसमें कॉलर बताता है कि आपने अवैध सामान, ड्रग्स, अश्लील कार्य, नकली पासपोर्ट आदि भेजा था। कई बार लोगों को निशाना बनाने के लिए फोन कॉल रिश्तेदारों व दोस्तों को भी किया जाता है।

# जल, जंगल और जमीन को परिवार की तरह रखना है : निशा उरांव

## आदिवासी संस्कृति हमारी परंपरा है, जिसका अहम हिस्सा प्राकृतिक खेती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम, विवेकानंद सेवा संघ एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गेतलसूद प्रक्षेत्र में दो दिवसीय 46वां किसान मेला का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार की पंचायती राज निदेशक निशा उरांव एवं आरकेएम टीबी सेंटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद जी ने किया। इससे पहले स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस बार के मेला का थीम 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन द्वारा आय सृजन' है। वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की ओर से आय सृजन के विभिन्न उद्यमों की जानकारी दी। वहीं, केवीके द्वारा संचालित कृषि कार्यक्रमों जैसे





किसान मेला में पहुंची झारखंड सरकार की पंचायती राज निदेशक निशा उरांव व अन्य गणमान्य। पंचायती राज निदेशक निशा उरांव का स्वागत करते गणमान्य लोग।

आर्या परियोजना, प्राकृतिक खेती, परंपरागत किस्मों का संरक्षण व उन्नयन, द्वितियक कृषि आदि के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर निशा उरांव ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को अपने परिवार की तरह संजो कर रखना है। ये संसार में मानव जाति एवं अन्य जीव जंतुओं का भरण पोषण कर रहे है। कहा कि आदिवासी संस्कृति हमारी परंपरा है जिसका अहम हिस्सा प्राकृतिक खेती है। कृषि के नवीन तकनीक को पारंपरिक खेती के साथ कर किसान आय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आदिवासी संस्कृति का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। जिसके माध्यम से हमारी परंपरा, विरासत का संरक्षण किया जा रहा है। वहीं, उदगार व्यक्त करते हुए रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद जी महाराज ने किसानों को देवदूत कहा। उन्होंने कहा कि किसान होना गर्व की बात है। किसान अन्नदाता है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी सत्संगानंद जी और संचालन पहलू बेदिया ने किया। मेला में कृषि संबंधित 45 स्टॉल लगाए गए हैं और फसल प्रदर्शनी में 392 नमूनों का निबंधन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के रेशम बनादाग के प्रगतिशील किसान परमेश्वर महतो को सर्वश्रेष्ठ किसान का पुरस्कार दिया गया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, अनुराधा मुंडा, राजेंद्र शाही मुंडा, जैलेंद्र कुमार, भुनेश्वर बेदिया, अनिता गाड़ी सहित हजारों लोग मौजूद थे। मेला के सफल आयोजन में समिति के कमल बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, संतोष बेदिया, प्रदीप महतो, पहलू बेदिया आदि का सराहनीय योगदान है।

## लापुंग में जंगली हाथी ने वृद्ध को कुचला, हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग** थाना क्षेत्र के कंड़रकेल गांव के झोगेड़ नाला के समीप एक जंगली हाथी ने बुधवार की र ात 78 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान मोगो मांझी के रूप में हुई है। वह मालगो राय टोली का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक मोगो अकेले था। उनके परिवार के सदस्य बाहर मजदूरी करते हैं। वह घर में नहीं रहकर खेत में ही प्लास्टिक की झोपड़ी नुमा कुम्बा बनाकर रहता था। रात में ही सोने के दौरान दो जंगली हाथियों ने उसे कुचल कर मार डाला। उधर, वन विभाग के वनपाल उपेंद्र प्रसाद एवं वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक सूचना पाकर घटना स्थल पहुंच गये। तत्काल मृतक के परिजन को 25 हजार रुपये दी आर्थिक मदद दी। इसके बाद लापुंग पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रांची के रिम्स अस्पताल भेजा।

## मेला हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचानः जैलेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** साल्हन पतरा टोली मैदान में गुरुवार को तीन दिवसीय मां शक्तिपीठ मेला सह फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक रामकूमार पाहन, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार सहित अन्य ने किया। इस मेले का समापन एक फरवरी को होगा। इससे पूर्व फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि मेला हमारी संस्कृति एवं परंपरा की पहचान है। इसे बरकरार रखने की जरूरत है। वहीं खेल हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाती है। ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच मिलता है। मौके पर आयोजन समिति के डॉ रिझू नायक, सिकंदर अंसारी, शिबू मुंडा, राजू नायक, रोहित करमाली, सज्जाद अंसारी, खालिक खान आदि मौजूद थे। संचालन डॉ रिझू नायक ने किया।

## बेड़ो में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। आगामी तीन फरवरी को होने वाले सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रतिमा को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के लिए मूर्तिकार दिनरात लगे हैं। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों व संगठनों की ओर से प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग की जा रही है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत के गांवों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। बतातें चलें कि नए साल के शुरू होते ही मूर्तियों की बुकिंग शुरू हो जाती है। इसके लिए लोग अपने लिए प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग कर लेते हैं।

## सांसद प्रदीप वर्मा ने भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देनेवालों को किया सम्मानित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत उत्कृष्ट योगदान देने वाले भाजपा टाटीसिलवे मंडल के मंत्री, प्रशासनिक संयोजक सह भाजपा सदस्यता अभियान के सह संयोजक नागेश्वर महतो को राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने सम्मानित किया। उन्होंने नागेश्वर महतो को बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की। नागेश्वर महतो ने अपने रेफरल कोड से 500 नए सदस्यों को भाजपा से जोड़ा, जिससे संगठन को मजबूती मिली। इस अवसर पर सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने में ऐसे



कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने नागेश्वर महतो को बधाई देते हुए अन्य कार्यकर्ताओं से भी संगठन के विस्तार में योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा आदि मौजूद रहे। सभी ने नागेश्वर महतो को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

## समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने जरूरतमंदों में बांटे 1000 कंबल



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवी देवेंद्र प्रकाश ने क्षेत्र के जीदू, मारवा, चिरूवा, मुरेठा, पतरातू, बरवाटोली और पुसु गांव में 1000 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा सके। इस मौके पर रुपाश्री गाड़ी, रेखा देवी, दीपा कुमारी, जगत किशोर महतो, अर्जुन महतो, शिव महतो, उदय पासवान, कुशीन्द्र पाहन और दिलीप मुंडा आदि मौजूद थे। वहीं, कंबल मिलने के बाद जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी और संतोष का भाव दिखा।

## आजसू फिर से पुराने तेवर में देखने को मिलेगीः निर्मण भगत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डाक बंगला में गुरुवार को आजसू बुद्धिजीवी मंच एवं प्रखंड कमेटी की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आजसू बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष शहजाद आलम और संचालन प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने किया। बैठक के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष निर्मला वीरेंद्र भगत भी मौजूद थी। बैठक में अनगड़ा प्रखंड में पंचायत स्तर तक बुद्धिजीवी मंच का विस्तार करने और पार्टी की नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस



अवसर पर निर्मला भगत ने कहा कि आजसू अब पुराने तेवर में देखने को मिलेगी। भले ही आज हमारी पार्टी सरकार में नहीं है। पर जनता से उनकी समस्याओं और मुल्यों को लेकर सीधे संवाद कायम है। सभी कार्यकर्ता एकजूट हैं। इस दौरान जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शहजाद आलम ने अनगड़ा के सतेंद्र कुमार उर्फ पल्लू को बुद्धिजीवी मंच का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। उन्हें पार्टी का पट्टा पहनकर स्वागत किया गया। निर्णय लिया गया कि अनगड़ा प्रखंड कमेटी और बुद्धिजीवी मंच के संयुक्त तत्वाधान में 19 फरवरी को मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। पूरे महीने पार्टी विस्तार पर काम होगा। जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में आजसू के केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा, जिला सह सचिव राजेश पाहन, चिंटू मिश्रा, पारस महतो, राजू महतो आदि उपस्थित थे।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का शिलान्यास



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी पंचायत में ओएनजीसी, सीबीएम परिसंपत्ति बोकारो के एससी/एसटी कंपोनेंट प्लान 2024-25 के वित्तीय सहयोग से तेनुघाट इजी इंडिया ट्रस्ट की ओर से गंझूडीह गांव में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा, प्लेटफार्म और स्टील रैलिंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास राम बहाल सिंह ने किया। इस अवसर पर ओएनजीसी के महाप्रबंधक सूचना संचार सह ऑल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लॉई एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बहाल सिंह, सीइसी मेंबर अजय कुमार दास, ईजी इंडिया ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर सुमन गुप्ता, समाजसेवी दीप चंद गोप, बौद्धिष्ठ आचार्य मदन रविदास, मनोज कुमार, श्रवण कुमार दास, उपमुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य गीता देवी, लखन राम, सुंदर लाल राम, बासुदेव बौद्ध, राजू राम, चंद्रदेव दास, मुकेश राम, मेघलाल राम, भीम राम, अभिमन्यु राम, प्रेमचंद राम, बंगाली राम संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम बहाल सिंह ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को एक मजबूत संविधान दिया, जो हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है। कहा कि 'बाबा साहेब का संदेश था– शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करना चाहिए। यह परियोजना स्थानीय समाज को बाबा साहेब के विचारों से प्रेरित करने और उनके योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

## धनबाद एसएसपी ने अधिकारियों की लगायी क्लास

**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन गुरुवार को झरिया थाना में औचोक निरीक्षन करने पहुंचे। थाना पहुंचते ही हड़कंप मच गया। एसपी ने एक-एक कर सभी पुलिस अधिकारियों की घंटों क्लास लिया। सभी अधिकारियों से पुराने केस रिव्यू एवं अपराध से संबंधित जानकारी मांगी। इस दौरान कई अधिकारी जवाब नहीं दे पाये। इस पर एसएसपी ने दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। पुलिस को सभी पुराने केस को जल्द से जल्द निपटाने को कहा।

# बुढ़मू में बाइक चोर गिरोह का 24 घंटे में ही उद्भेदन, तीन गिरफ्तार, बाइक जब्त

## पुलिस छापामारी कर गिरोह से अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर समाधान करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी की दो बाइक भी जब्त की है। पकड़े गये चोरों की पहचान चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा निवासी परवेज अंसारी, बुढ़मू थाना क्षेत्र के महुआखुरा निवासी जब्बार अंसारी और पातकोई निवासी आबिद खान के रूप में हुई है। बतातें चलें कि रविवार को अनातू निवासी राजेश कुमार की बाइक उमेडंडा साप्ताहिक बाजार से चोरी हो गई थी। राजेश ने बुढ़मू थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के अधिकारी।

बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई, जिसने महुआखुरा से जब्बार अंसारी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में जब्बार अंसारी ने स्वीकार किया कि वह पातकोई निवासी आबिद खान के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था। फिर उसे बीजूपाड़ा निवासी परवेज अंसारी के पास बेच देता था। इसके बाद पुलिस ने पातकोई में छापामारी कर आबिद और परवेज को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की एक और बाइक बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की छापामारी अभियान में थाना प्रभारी रितेश कुमार, पुअनि प्रभास कुमार रवानी और पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की दोपहर दो बजे स्कूटी व कार की टक्कर में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान बेड़ो के दिघिया गांव निवासी सुनील लकड़ा (35) और अभिषेक लकड़ा (28) के रूप में हुई है। दोनों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पहले बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ काजोल सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

## बेड़ो के दिघिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया गांव में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार आनंद राम महली की स्मृति में उनके 67वीं जयंती पर समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार भाग लेंगे। इसकी जानकारी कार्तिक धान ने दी।

## बेड़ो थानावली बजरंगबली मंदिर की 28वीं वर्षगांठ दो फरवरी को मनायी जायेगी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थानावली बजरंगबली मंदिर का 28वां वर्षगांठ समारोह 2 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ग बजरंगबली की विशेष पूजा के साथ ही 24 के घंटे का अखंड हरि कीर्तन और श्रद्धालुओं के बीच भव्य भंडारा का वितरण भी किया जाएगा।

# संसद सत्र में भाग लेने दिल्ली पहुंचे सुखदेव भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत 31 जनवरी से प्रारंभ होने वाले संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए गुरुवार को दिल्ली रवाना हुए। सांसद सुखदेव भगत बजट सत्र में देश, राज्य एवं स्थानीय स्तर के अनेक मुद्दे को उठायेंगे। इसके साथ कल 31 जनवरी को दिल्ली में मुख्य सचिव कार्यालय (एनसीआर) संसद भवन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधायक (वन नेशन वन इलेक्शन) पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की द्वितीय बैठक में भाग लेकर अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे।

# गांधी जी ने आजादी की लड़ाई ही नहीं बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किये : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांध जी के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन फूल अर्पित श्रद्धांजलि दी गयी।

मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक महात्मा गांधी के बलिदान और देश को आजादी कराने में उनके बेहद महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया है। गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किए। आजादी में उनके संघर्ष को याद कर रहा है। मैं भी गांधी जी को नमन करता हूं और उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। महात्मा गांधी की ताकत सत्य और अहिंसा के सिद्धांत थे। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई में कई आंदोलन किये और अंग्रेजो को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनके चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी सत्याग्रह, भारत छोड़ा आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा रोल अदा किया। गांधी जी के पास अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी।

गांधी जी ने विचारों ने भारत के देशभक्तों की दो पीढ़ियों को प्रेरित किया, लोग आजादी की लड़ाई से जुड़ते रहे। उन्होंने अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व व विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन को जबरदस्त धार दी। गांधी जी समाज में फैली बुराइयों जैसे छुआछूत, शराब, जातीय भेदभाव, असमानता, महिलाओं के साथ भेदभाव के भी घोर विरोधी थे। उन्होंने सिर्फ आजादी की ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि समाज में दलितों की स्थिति बेहतर करने व उन्हें बराबरी का हक दिलाने के लिए भी लड़ाई लड़ी । मौके खुदी भगत दुःखी, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, गुलाम सरवर तरुण गोप, भुनेश्वर राम, इकरामुल हक, मुकतार आलम, संजय गोप, देवा साहू, मिनाज खान, मिरा हामिद, ज्योति कुजुर, जास्मिन लुगुन, क्रिस्टीना तिर्की, किरन एक्का, सुनिता तिर्की, भिखा असुर, ममता कुमारी काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध खनन मामले में 12 प्राथमिकी दर्ज, 10 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला टास्क फोर्स (खनन) द्वारा जनवरी 2025 में जिले में औचक निरीक्षण एवं छापामारी अभियान चलाया गया, जिसके तहत अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी। इस दौरान विभिन्न थानों में कुल 12 प्राथमिकी दर्ज की गयी। अभियान के दौरान 10 वाहनों को जब्त किया गया तथा 82,215 घनफीट अवैध रूप से खनन किया गया बालू भी जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त, दो क्रशरों को सील किया गया और 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

खनन पट्टों की जांच के दौरान पायी गयी अनियमितताओं के विरुद्ध कारण पृच्छा नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं, प्रदूषण से संबंधित मामलों को लेकर क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, झारखंड, रांची को सूचित करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। जिला प्रशासन अवैध खनन और पर्यावरणीय अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मयूरी ट्रस्ट चैताली कॉलेज में राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज लक्ष्मण नगर पोढ़ाटोली रोड गुमला में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद के सदस्य हंदू भगत ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चनऔर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री भगत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये हैं जिनको देश की जनता कभी भूल नहीं सकती। हम सभी लोगों को उनके आदर्शों को आत्मसात कर देश और समाज के विकास के लिए काम करने की जरूरत है। मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर वसंत कुमार गुप्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आजादी में उल्लेखनीय योगदान देने के कारण ही उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि से देश की जनता सम्मानित किया है। हम सभी लोगों को उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और देश और समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए, निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि नये सत्र में बीएड, डीएलएड, नर्सिंग और वकालत, इंटर नामांकन एवं नीट कोचिंग की तैयारी मयूरी ट्रस्ट के द्वारा करायी जा रही है और नामांकन इसमें चालू कर दिया गया है। मौके पर सचिव चैताली सेनगुप्ता, डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता समाजसेवी नीरज कुमार सिंह लोदरो, भगत, रूबी देवी अलीशा बडाईक प्रियांशी बडाईक, सोनम कुमारी, सुषमा कुमारी, अनिशा कुमारी, रविता कुमारी, अनिमा इंदवार, पूर्णिमा कुमारी आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# प्रेमिका के चक्कर में पत्नी की पिटाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना के खोरा गांव में पति ने प्रेमिका के चक्कर में गुरुवार को अपनी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। गुरुवार की अपराह्न 3 बजे पत्नी गुमला थाना पहुंची इसके बाद पुलिस पीड़िता को लेकर खोरा गांव पहुंची। पीड़िता ने अपने शरीर में लगे जख्म को दिखाया और बताया की कुछ और जगह जख्म है जिसे वह नहीं दिखा सकती है। पति ने लकड़ी के डंडे से बेरहमी से उसकी जमकर पिटाई की है। पीड़िता ने बताया मेरा पति का एक लड़की से प्रेम प्रसंग है। जिसका मैं विरोध करती हूं इसी कारण वह मुझे अक्सर मारपीट करता रहता है। बताई कि कुछ माह पूर्व वह प्रेमिका को लेकर बेंगलुरु भाग गया था। थाना में शिकायत के बाद वह वापस लौटा इसके बाद लगातार मुझे टॉर्चर करता रहता है। हमारे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह अपनी सारी कमाई प्रेमिका के ऊपर खर्च कर देता है और मुझे व मेरे बच्चों के लिए कुछ नहीं करता है। जिससे अपने दोनों बच्चों के पालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है।

# दो मिनट का मौन रख सभी शासकीय कार्यालयों में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की स्मृति में गुरुवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर समाहरणालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यों को विराम देकर राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। समाहरणालय परिसर, गुमला चंदाली में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सभी ने स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, एसडीओ सदर राजीव नीरज, जिला नजारत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ ने मांगों को लेकर डीएससी को सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ ने बुधवार की अपराह्न 3 :00 बजे जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला को बकाया मानदेय भुगतान और 60 साल के बाद सेवा मुक्त हुए सदस्यों के परिजनों को उनके स्थान पर कार्य करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। संघ के अध्यक्ष देवकी देवी ने बताया कई बार विभाग को आवेदन देकर बकाया मानदेय भुगतान देने की मांग की है लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी जिसको लेकर संगठन आक्रामक रुख अपनाने को तैयार है। देवकी देवी ने कहा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो विभाग और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा इतने कम मानदेय में काम कर कई लोग रिटायर हो गये। अब उनको जीने खाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके परिवार का कोई एक सदस्य को काम में रखा जाता है तो बुढ़ापे का सहारा मिल जायेगा। वही आगे बताया कि मांगे पूरी नहीं होने पर 25 फरवरी को जिला अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जायेगा।

# गुमला में बिना हेलमेट के दिया जा रहा पेट्रोल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है वहीं इसको लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है जिले में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है साथ ही लोगों की मौतें भी हो रही है। एक ओर जिले में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट के ही लोगों को पेट्रोल बेचा जा रहा है जबकि पेट्रोल पंप में ही बड़े-बड़े होल्डिंग्स लगा कर रखा गया है जिसमें नो हेलमेट न पेट्रोल लिखा गया है लेकिन यह सिर्फ होल्डिंग तक ही सीमित है वास्तव में लोगों को धड़ल्ले से पेट्रोल दिया जा रहा है इस संबंध में पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने कहा संचालक का आदेश है कि सभी को पेट्रोल दिया जाए बता दे की जिले में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना हो रही है एक-दो दिन छोड़कर लोगों की मौतें भी हो रही है प्रशासन का आदेश सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया है।

# ब्लॉक परिसर और चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रनहे में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर और चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रनहे में शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी और 2 मिनट का मौन धारण किया गया। स्कूल में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण अर्पण किया गया। वही मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि हर वर्ष यह दिवस हमें उन क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और मातृभूमि के लिए अपने प्राण निछावर कर दिये हैं। शहीद दिवस हमें यह याद दिलाता है की स्वतंत्रता अनमोल है और इसे बनाए रखने के लिए हमें सदैव एकजुट रहना चाहिए हम सभी को मिलजुल कर उन वीर सपूतों को नमन करने की जरूरत है जिन्होंने हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल के निदेशक विजय कुमार साहू ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी को हमें व्यर्थ नहीं जाने देना है। देश का मान सम्मान अभियान को हम सभी को मिलजुल कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का, एकेडमी के निदेशक विजय कुमार साहू, ज्योति लाल महतो सहित कई पदाधिकारी कर्मी जनप्रतिनिधि शिक्षक छात्र छात्र उपस्थित थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में देवघर की टीम आठ विकेट से जीती

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर डिवीजन मुकाबले में बाबा नगरी देवघर की टीम ने रामगढ़ को आठ विकेट से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट टूनामेंट में गुरुवार को देवघर के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी रामगढ़ की पूरी टीम 27.2 ओवरो में 121 रनों के मामूली स्कोर पर सिमट गयी। टीम की ओर से संयम शर्मा ने सर्वाधिक 46 रनों की पारी खेली। धरम कुमार 31 व अनुज कुमार ने 10 रनो का योगदान किया। देवघर की ओर से शराइश शर्मा व सूरज ने चार -चार विकेट चटकाये। ऋषव को दो विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवघर की टीम ने 16.2 ओवरो में दो विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से उत्कर्ष नयन 29, जुनैद सिद्दीकी 28, सुधांशु 17 व यश शर्मा ने नाबाद 36 रनो की पारी खेली। रामगढ़ के संयम व ऋषि को एक-एक विकेट मिला। रामगढ़ के शराइश शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ राजेश झा, अंपायर रूपेश कुमार, अरबिंद कुमार व स्कोरर दीपक ने प्लेयर ऑफ द डे को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। शुक्रवार को सुपर डिवीजन में देवघर का मुकाबला चतरा से होगा। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, ओम शंकर सिंह, आयुष अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, मधुसूदन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



23 से 26 जनवरी तक भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे भारतीय खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के मैचों में हिस्सा लिया था

# विराट कोहली की 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में हुई वापसी

- रणजी मैच के पहले दिन कोहली की बैटिंग नहीं आयी
- मुकाबला देखने करीब 15 हजार दर्शक आये

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** विराट कोहली 12 साल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे हैं। वे दिल्ली की ओर से अरुण जेटली मैदान पर रेलवे के खिलाफ खेल रहे हैं। मुकाबले के पहले दिन कोहली की बैटिंग नहीं आयी। स्टंप्स तक पहली पारी में दिल्ली का स्कोर 41/1 है। यश धुल 17 और सनत सांगवान 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोहली का यह मैच देखने के लिए अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को 15 हजार से ज्यादा फैंस आए थे। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। एक अन्य मैच में भारतीय टीम के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने मुंबई के लिए हैट्रिक ली है। उन्होंने मेघालय के खिलाफ अपने दूसरे ओवर में लगातार 3 विकेट झटके। इससे मेघालय टीम 86 रन पर सिमट गयी।

**सिक्योरिटी तोड़कर कोहली तक पहुंचा फैन, पैर छुए**

लंच से पहले एक फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान के अंदर घुस गया। उसने मैदान पर ही कोहली के पैर भी छुए। इसके बाद तुरंत सिक्योरिटी ने उसे पकड़ा और मैदान से बाहर कर दिया।

**केएल राहुल, सिराज और कुलदीप भी रणजी खेल रहे**

कोहली के अलावा, केएल राहुल कर्नाटक, मोहम्मद सिराज हैदराबाद और कुलदीप यादव यूपी की ओर से रणजी मैच खेल रहे हैं। इससे पहले 23 से 26 जनवरी तक भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे भारतीय खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के मैचों में हिस्सा लिया था

**विराट ने आखिरी रणजी मैच 2012 में खेला था**

कोहली ने 2006 में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी में डेब्यू किया था। विराट ने 2012 में अपना आखिरी रणजी मैच वीरेंद्र सहवाग की कप्तानी में खेला था, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने वढ की कमान संभाली थी। मैच गाजियाबाद के नेहरू स्टेडियम में खेला गया था।

# पंचायत समिति सदस्य ने डीसी से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के नवागढ़ पतरा टोली के पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार गुप्ता ने गुरुवार दिन के 2:00 बजे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि नवागढ़ पतरा टोली गांव के श्मशान घाट की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यहां ना तो बाउंड्री है। और ना ही पानी की सुविधा। एक दाढ़ी है जो की टूटी-फूटी स्थिति में है। यहां तक पहुंचाने के लिए सड़क भी नहीं है जिससे की शव ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शमशान स्थल में गंदगी की भरमार है। यहां लोग शौच के लिए भी जाते हैं बरसात के दिनों में तो शव को ले जाने में चार की जगह आठ लोगों की जरूरत पड़ती है। हिमांशु ने नवागढ़ पंचायत के 7 गांवों में सड़क निर्माण सहित आधार कार्ड सेंटर के बारे में भी उपायुक्त से बात की और समस्याओं के समाधान की मांग रखी। वहीं उपायुक्त ने शीघ्र सभी बिंदुओं पर समाधान की बात कही।

# मुखिया, पंचायत सेवक और बीएलइ का प्रशिक्षण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर में मुखिया पंचायत सेवक और बीएलइ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर रोशिल शानता समद और रामप्रसाद बड़ाइक ने दिया। प्रशिक्षण के क्रम में मनरेगा योजना अंतर्गत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु चिन्हित 21 सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गयी। इस क्रम में योजना जनरेट करने, मास्टर रोल, पे स्लिप, वाउचर एंट्री करने भुगतान संबंधित कई जानकारी दिया। मनरेगा योजना अंतर्गत पेयजल, जलसंरक्षण, भूमि, पशुपालन, बागवानी सहित कई अन्य योजना लेने और उसके सफल संचालन को लेकर जानकारी दी गयी। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी, यशमुनी कुमारी, अग्नि उरांव, सोमारी देवी, चांदनी देवी, रानी उरांव, लोदो एक्का, बिनोद उरांव, फिरंगी उरांव, अनिल साहू, दिनेश बड़ाइक, अंजली तिर्की, जयंती टोप्पो सहित कई मुखिया, पंचायत सचिव, बीएलइ उपस्थित थे।

# वर्षों बाद भी बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे गिद्ध खोता गांव के लोग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के गिद्ध खोता गांव में आज भी अंधेरे में रहने को ग्रामीण विवश हैं। इस गांव में आज तक बिजली नहीं लगी। गांव में करीब 25 घर है जहां लगभग 100 लोगों की आबादी रहती है। बुधवार की अपराह्न 4 बजे ग्रामीणों ने बताया कई बार बिजली विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक बिजली नहीं लगी।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय, रांची।
पत्र संख्या 344/2024
एम० डब्ल० वाद संख्या 02/2014
हरेन्द्र सिंह एवं अन्य ........... आवेदक ।
बनाम
कुल सचिव, रांची विष्वविद्यालय, एवं अन्य.............................. विपक्षी ।
नोटिस बनाम्
1. जितेन्द्र नाथ उपाध्याय, आर्यन सर्विस लिमिटेड, सुशीला कुंज, हैदर अली रोड, कोकर रांची।
2. सुचीत कुमार उपाध्याय, आर्यन सर्विस लिमिटेड, सुशीला कुंज, हैदर अली रोड, कोकर रांची।

आपको इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध न्युनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 की धारा 20 (2) के अन्तर्गत मेरे न्यायालय में वाद दायर किया है जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 04.02.2025 को समय 10:30 बजे निर्धारित है।
अतः आप नियत समय एवं तारिख को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी पैरवी एवं कारण पृक्षा (Show-Cause) दाखिल करें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई किया जाएगा।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

पीठासीन पदाधिकारी,
श्रम न्यायालय, राँची

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# नप के सफाई कर्मचारियों से अभद्रता करने वाला सुपरवाइजर 10 दिनों के लिए सस्पेंड

## आदत में सुधार नहीं लाने पर काम से हटा देने की भी मिली चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के अधीन कार्यरत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के सुपरवाइजर श्रवण कुमार महतो को सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर गुरुवार से 10 दिनों के लिए काम से बैठा दिया गया है। इससे पहले उक्त मुद्दे को लेकर नप कार्यालय सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नप के पूर्व अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ चुन्नू सिंह ने की। इसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, भारतीय सुदर्शन महासंघ झारखंड प्रदेश के


बैठक में उपस्थित विधायक-कंपनी के प्रतिनिधि व चालक-सफाई कर्मी।

कोषाध्यक्ष रविंद्र राम भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि सभी सफाई कर्मियों-चालकों ने गत मंगलवार को बेरमो थाना सहित विधायक, विधायक प्रतिनिधि, नप कार्यालय आदि को आवेदन देकर इस घटना के संदर्भ में संज्ञान लेने को कहा था। साथ ही सुपरवाइजर का विरोध करते हुए उसी दिन से नगर का सफाई कार्य भी बंद कर दिया था। इसे लेकर बैठक हुई। जिसमें निर्णय लेते हुए सुपरवाइजर श्रवण कुमार को 10 दिनों के लिए काम से बैठा दिया गया है। अगर इसके बाद भी सुपरवाइजर ने फिर से गाली गलौज की तो उसे काम से भी हटा देने को कहा गया। इसके अलाला बैठक में झारखण्ड सरकार द्वारा बढाये गये न्यूतम मजदूरी को भी नये दर से भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिस गाडी से कचड़ा उठाया जाता है और अनफिट है उसे भी दुरुस्त कराए जाने की बात पर सहमति हुई। ताकि गाड़ी को सुचारु रूप से काम में लाया जा सके। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि पूर्व में चार अक्टूबर 2024 को भी एक सुपरवाइजर ने सफाई मित्रों के साथ गाली गलौज की थी। जिसके बाद सुपरवाइजर का साइट बदल दिया गया था। इस बार सुपरवाइजर को 10 दिन के लिए काम से बैठाया गया है। इसके बाद भी वह गाली गलौज करता है तो उसे काम से हटा दिया जाएगा। वहीं, कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह की शिकायत आई थी। उस समय सुपरवाइजर का साइड बदल दिया गया था। फिर से इस तरह का मामला आया है। सुपरवाइजर द्वारा सफाई मित्रों से माफी मंगवाया गया है। उसका साइड भी बदल दिया गया है। उसके बाद भी उसकी आदतों में सुधार नहीं होता है तो उसे हटा दिया जाएगा। इस मौके पर सेवक कुमार राम, ओम सागर, रवि कुमार, संतोष डोम, विजय चौबे, अजय कुमार, सिकंदर कुमार, धर्मेंद्र राम, प्रदीप कुमार, शरद कुमार, गुड्डू कुमार, कृष्ण यादव, पिंटू कुमार, आजाद कुमार आदि उपस्थित थे।

# छापामारी करने पहुंची सीआइएसएफ टीम पर कोयला चोरों ने किया पथराव, महिला कांस्टेबल हुई घायल

## सीआइएसएफ जवानों ने दो राउंड फायरिंग कर चोरों को खदेड़ा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के घनुआडीह ओपी क्षेत्र के कुजामा आउटसोर्सिंग में छापामारी करने पहुंची सीआईएसएफ की टीम पर कोयला चोरों ने पथराव किया है। कोयला चोरों को आक्रामक होते देख सीआइएसएफ ने खुद को बचाने के लिए दो राउंड फायरिंग की। जिसके बाद सभी कोयला चोर मौके से भाग निकले। वहीं, हथराव की इस घटना में सीआइएसएफ की छापामारी टीम में शामिल एक महिला कांस्टेबल भी घायल हो गयी है। सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग माइंस से कोयला चोरी की शिकायत मिली थी। जिसके आलोक में सीआइएसएफ की टीम छापामारी



करने पहुंची थी। पर जवानों को देख कोयला चोरों ने पथराव कर दिया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने माइंस का रास्ता भी जाम कर दिया। उसके बाद पास की बस्ती से पूरी भीड़ जुट गई। लोग काफी आक्रामक दिख रहे थे। जिस कारण सड़क खाली कराने के लिए हवाई फायरिंग की गई। जिससे लोग भाग निकले। उधर, घनुआडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि सीआइएसएफ की टीम छापामारी के लिए बीसीसीएल कुजामा माइंस पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों और सीआईएसएफ के बीच पथराव हुआ। इस घटना में छापामारी करने वाली टीम में शामिल एक महिला कांस्टेबल घायल हुई हैं। आत्मरक्षा के लिए सीआईएसएफ ने हवा में दो राउंड फायरिंग भी की। मामले में सीआईएसएफ की ओर से लिखित शिकायत की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# झरिया के आसपास के क्षेत्रों में आज से होगी जलापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** झमाड़ा के जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र से झरिया जल मीनार में जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन के बैंड मरम्मत कार्य का प्रथम फेज समाप्त हो गया है। झमाड़ा ने पूर्व में सूचना दिया था कि 27 जनवरी से झरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति ठप रहेगी। पर चार दिन बीत जाने के बाद भी संयंत्र केंद्र के कर्मियों द्वारा पानी की सप्लाई नहीं किया गया। इससे छह लाख की आबादी ठंढ में भी पानी की तलाश में भटकने को मजबूर है। मजदूरों ने बताया कि 30 इंची मरम्मत कार्य के दौरान कई जगहों पर 18 इंची पाइप लाइन की लीकेज की भी मरम्मत करनी पड़ी है। बैंड मरम्मत कार्य के लिए ही जामाडोबा संयंत्र केन्द्र के 12 एमजीडी जल भंडारण गृह में जल भंडारण नहीं किया गया है। वहीं, जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तक पानी की सप्लाई झरिया में हो जायेगी। बताया कि 30 इंची पाइप लाइन के प्रथम फेज की मरम्मत कार्य को पूरा कर लिया गया है। पानी की सप्लाई पूरे क्षेत्र में सुचारु रूप से करने के बाद बैंड के दूसरे फेज का मरम्मत कार्य तीन दिन के लिए किया जाना है। कहा कि कुल तीन फेज में बैंड मरम्मत कार्य को पूरा कर लीकेज की समस्या से स्थाई तौर पर निदान कर दिया जायेगा।

# सरस्वती पूजा में डीजे बजाने पर पूर्ण रोक

**धनसार (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडे ने की। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा से लेकर विसर्जन तक डीजे बजाने पर पूर्व रोक रहेगी। अगर किसी ने डीजे बजाया तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही डीजे मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं, विसर्जन के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रखी जाएगी। इस मौके पर रवि मिश्रा, रिंकू सिंह, कुल्लू चौधरी, मनोज चौहान, संतोष कुशवाहा, मेवालाल खटिक, मदन महतो और जीराखन सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्कूटर से कोयला लेकर जा रहा युवक अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनूघाट-बोकारो नहर रोड के चलकरी बस्ती के समीप स्कूटर से कोयला लेकर जा रहा युवक अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गयी। सहयोगियों एवं स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए उसे तुरंत सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान पिछरी के बुटनाडीह निवासी रतन प्रजापति (35) के रूप में हुई है। उधर,



घटना की जानकारी पाकर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गये। इस दौरान अस्पताल मे लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी समेत दो पुत्र है। बड़ा बेटा 16 और छोटा बेटा 13 साल का है। बताया जा रहा कि रतन प्रजापति खेतको की तरफ से स्कूटर पर कोयला लेकर अंगवाली की ओर जा रहा था। तभी यह घटना हुई। इसकी खबर पाकर बेरमो पुलिस भी अस्पताल पहुंच गयी और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्डम के लिए चास, बोकारो भेज दिया। इस मौके पर क्षेत्र के कई राजनीतिक दल के नेता, समाजसेवी, परिजन एवं स्थानीय लोग भी पहुंचे थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद की जन कल्याणकारी कार्यों को लेकर बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शास्त्री नगर स्थित 17 डिग्री होटल में गुरुवार को इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित जिला अध्यक्ष आलोका नंदा बख्शी ने क्लब की जनकल्याणकारी एवं सामाजिक क्रियाकलाप का मूल्यांकन करने पहुंची थीं। क्लब की सदस्याओं ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद बैठक में 2024 में हुए क्रियाकलापों एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की गई। जिला चेयरमैन क्लब की ओर से पूर्व में किए गए कार्यों से संतुष्ट हुई और इनर व्हील के धनबाद के पदाधिकारियों-सदस्याओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद कीप प्रेसिडेंट रश्मि सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, ट्रेजर रेनू कौशल, सेक्रेटरी रितु श्रीवास्तव, एडिटर गीता चौबे, रोजी झा, उषा सिंह आदि थी।

# हमें गांधी जी की शांति, अहिंसा एवं विनम्रता के आदर्शों को अपनाने की जरूरत: उपायुक्त

**डीसी व एसएसपी सहित लोगों ने दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डीसी ने कहा कि राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। इसके बाद डीसी सहित सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर



पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। लगे हाथ गांधी सेवा सदन में सुमन नाग एवं वर्षा बोराल ने राष्ट्रपिता के प्रिय भजन भी गाये। इस मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी नौशाद आलम, डीएसपी ट्राफिक अरविंद कुमार सिंह, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, गांधी सेवा सदन के महामंत्री गोपाल जी, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा आदि मौजूद थे।

# चेक बाउंस मामले में छह महीने की जेल

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस मामले में दोषी बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी संदीप कुमार को छह महीने जेल की सजा सुनाई। साथ ही दो लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। बताते चलें कि परिवादी तुलबुल निवासी सुधीर कुमार ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम की न्यायालय में 2022 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। बताया था कि उसकी और अभियुक्त संदीप कुमार की पहले से दोस्ती थी। दोस्ताना कर्ज में एक लाख 65 हजार रुपए दिए थे। इसके बदले अभियुक्त ने परिवादी को चेक दिया था। जिसे बैंक में डालने पर वह बाउंस हो गया। इसी जानकारी उसे देने पर भी उसने पैसा नहीं लौटाया था।

# उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए जेपी अस्पताल एवं इएसआइसी ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर

## इएसआइसी के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का निःशुल्क इलाज करेगा जेपी अस्पताल : नित्यानंद


आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान जेपी अस्पताल और रिसर्च सेंटर ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) के साथ गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया हैं। इस समझौते के तहत, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में इएसआई लाभार्थियों-कर्मचारियों को सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं और सुपर स्पेशियलिटी जांच सहित उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। समझौते के तहत, जेपी अस्पताल और रिसर्च सेंटर विभिन्न विशिष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा, जिनमें कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल आॅन्कोलॉजी, रेडियोथेरेपी/न्यूक्लियर मेडिसिन,




नेफ्रोलॉजी व डायलिसिस, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, जीआई सर्जरी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी (कॉस्मेटिक सर्जरी को छोड़कर), पुनर्निर्माण सर्जरी (कॉस्मेटिक सर्जरी को छोड़कर), विट्रियस रेटिनल मैनेजमेंट सर्जरी और नवजात देखभाल/एनआईसीयू (लेवल 3) शामिल हैं। इसके अलावा अस्पताल उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक और जांच सेवाएं भी प्रदान करेगा, जिनमें सीटी स्कैन, एमआरआई (टाई-अप व्यवस्था के माध्यम से), ईको, टीएमटी कार्डियोग्राफी, विशेष जैव रासायनिक और इम्यूनोलॉजिकल जांच, विभिन्न अंगों के स्कैन और 3000 रुपए से अधिक लागत वाली अन्य डायग्नोस्टिक प्रक्रियाएं शामिल हैं। बतातें चलें कि इएसआइसी एक सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल व अन्य आवश्यक लाभ प्रदान करता है। 1948 के इएसआइसी अधिनियम के तहत स्थापित इस संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों को चिकित्सा आपात स्थितियों, मातृत्व संबंधी चिंताओं और अन्य कठिनाइयों से सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर जेपी अस्पताल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि हमें ईएसआईसी के साथ सहयोग करने पर गर्व है, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह साझेदारी हमारे समुदाय के कल्याण के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल और अग्रणी अनुसंधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जेपी अस्पताल और रिसर्च सेंटर ने खुद को एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्थापित किया है, जो चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता और नवाचार पर केंद्रित है। इस समझौते के माध्यम से, अस्पताल धनबाद और उससे आगे के लोगों के लिए उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन को फिर से पुष्ट करता है।

# पत्रकार के परिजन पर हमला निंदनीय : रामाधार सिंह



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह के पत्रकार मनोज साव व उनके परिजन के साथ हुए मारपीट के मामले में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के नेता पत्रकार के आवास पहुंचे। जश्रसं एरिया 10 के अध्यक्ष रामाधार सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार पर हमला एक सोची समझी साजिश है। यह घटना निंदनीय है। हम सब इसका विरोध करते है। वहीं संगठन के सचिव राधेश्याम यादव ने कहा कि हम सब पत्रकार के साथ है। हर हाल में उन्हें न्याय मिलनी चाहिए। मौके पर बबलू भगत, गोपाल चौधरी, रोहित पासवान, विजय बहादुर सिंह, प्रेम नोनिया व राजा नोनिया आदि मौजूद थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला पंचायत शाखा)**

**:: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 466 दिनांक 01.03.2023 एवं पत्रांक 180 दिनांक 24.01.2025 एवं दिनांक 28.01.2025 को क्रय–समिति की बैठक की कार्यवाही कंडिका सं0–02 में लिए गए निर्णय के आलोक कोडरमा जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में चयनित कुल –13 पंचायत ज्ञान केन्द्रों में उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्रियों एवं कुल–37 चयनित पंचायत ज्ञान केन्द्रों में उपलब्ध करायी जाने वाली पुस्तकों में एकरूपता एवं गुणवत्ता रखने के उद्देश्य से Rate Contract हेतु सामग्री एवं पुस्तक के लिए अलग–अलग अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता एवं निम्नांकित पदाधिकारियों की उपस्थिति में खोला जाएगा।

| क्र0 | इकाई | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम | उप विकास आयुक्त, कोडरमा |
| 2 | निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | दिनांक– 08/02/2025 के 2:00बजे अपराह्न तक |
| 3 | निविदा/कोटेशन जमा करने की स्थान | जिला पंचायत राज कार्यालय, कोडरमा |
| 4 | निविदा निस्तारण की तिथि | दिनांक– 08/02/2025 के 03:00 बजे अपराहन् से |
| 5 | निविदा निस्तारण का स्थान | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार, कोडरमा |

निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ कार्यालय के सूचना पट् एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,कोडरमा।

PR.NO.345452 Panchayati Raj(24-25):D



**झारखंड सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**

पत्रांक–321 दिनांक–30.01.2025

**झारखंड भू–संपदा नियामक प्राधिकार के अधिनिर्णयन पदाधिकारी (Adjudicating Officer) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना।**

एतद् द्वारा भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016, झारखंड भू–संपदा (विनियमन और विकास) नियमावली, 2017 यथा संशोधित, 2020 में निहित प्रावधानों के आलोक में झारखंड भू–संपदा नियामक प्राधिकार अधिनिर्णयन पदाधिकारी (Adjudicating Officer) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र० | प्राधिकार | पद | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | झारखंड भू–संपदा नियामक प्राधिकार | अधिनिर्णयन पदाधिकारी (Adjudicating Officer) | 01 |

2.नियुक्ति से संबंधित आवेदन, विस्तृत विज्ञापन में वर्णित प्रपत्र में वांछित सूचनाओं तथा तत्संबंधी घोषणा के साथ **दिनांक–31.01.2025.से दिनांक–03.03.2025 के अपराह्न 04:00** बजे तक निम्नांकित पते पर निबंधित डाक से, स्वहस्तलिखित अथवा टंकित रूप में, समर्पित किया जा सकता है।

आवेदन प्राप्ति की निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन प्राप्ति का पता– **प्रधान सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग का कोषांग,
कमरा संख्या–413, चतुर्थ तल, प्रोजेक्ट भवन,
धुर्वा, राँची, झारखंड पिन कोड–834004

उक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित विस्तृत विज्ञापन (विज्ञापन सं०–320 दि०–30.01.2025) विभागीय वेबसाईट–www.udhd.jharkhand.gov.in एवं झारखंड भू–संपदा नियामक प्राधिकार के वेबसाईट– www.jharera.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
(ज्ञानेन्द्र कुमार)
सरकार के अपर सचिव

PR 345430 Urban Development(24-25).D



**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**

(अतिअल्पकालिक ई0कोटेशन निविदा आमंत्रण सूचना)

**कोटेशन ई–निविदा सूचना संख्या – 23/2024-25** **दिनांक: 29.01.2025**

उपायुक्त, चतरा के आदेश ज्ञापांक 26/जि0यो0, दिनांक 28.01.2025 द्वारा **प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–गोढ़ाई, ग्राम–आरूदाना में आरूदाना के बिरहोर टोला में छः अद्द सोलर स्ट्रीट लाईट सिस्टम का अधिष्ठापन** कार्य (Specification as per MNRE /NISE/JREDA) किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी निम्नविवरणी अनुरूप भाग ले सकते हैं।

1.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07/02/2025
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 08.02.2025 से 15.02.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.02.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4.सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 345418 (District)24-25*D

## शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भी बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की 'मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम' के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरइडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने 75000 करोड़ रुपये का इंवेस्टमेंट तय किया है। सरकार किसानों की भलाई और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी को खेती से जोड़ने पर जोर दे रही है। इस पहल से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि उनके ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर-के उनके खर्च भी कम होंगे। साथ ही, यह कदम देश के सस्टेनेबल डेवलपमेंट (स्थिरता के लक्ष्यों) को हासिल करने में मदद करेगा। हमने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए इलेक्ट्रिक मोटर्स और कंट्रोलर का मैन्युफैक्चर करके अपने बिजनेस मॉडल को स्ट्रेटेजिक रूप से अलग बनाया है। इवी स्पेस में, हम ओइएम से पायलट ऑर्डर के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और यह भविष्य में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। हमारे एक्सपोर्ट बिजनेस ने भी एक मजबूत प्रदर्शन दिया है, क्योंकि यह वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नवे महीने में साल दर साल 58% की वृद्धि के साथ 311.9 करोड़ रुपये हो गया। निष्कर्ष के तौर पर, हम एक उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद करते हैं, हमारी सभी रणनीतिक पहल हमारी बाजार स्थिति को मजबूत करने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं।

# ओड़िशा में निवेश की इच्छुक है गुजरात की मेगा फूड पार्क कंपनी

- खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उत्कर्ष ओड़िशा सम्मेलन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद भी ओड़िशा निवेशकों से भरा हुआ है। गुजरात के फणीधर ग्रुप ने ओड़िशा में निवेश करने में रुचि व्यक्त की है। गुजरात के फणीधर ग्रुप ने ओड़िशा में कोल्ड स्टोरेज और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखायी है। इस संदर्भ में फणीधर ग्रुप के चेयरमैन कृणाल पटेल और फणीधर समूह के प्रेसिडेंट डॉ विभु प्रसाद स्वाइं ने आज उप मुख्यमंत्री और कृषि एवं किसान सशक्तिकरण और बिजली मंत्री कनक वर्धन सिंहदेव से मुलाकात की और इस मुद्दे पर चर्चा की। ओड़िशा सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सब्सिडी और अन्य सुविधाओं का वादा करने के अलावा कृषि-आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए एक निवेशक-अनुकूल नीति निर्धारित की है। फणीधर समूह गुजरात का एक प्रतिष्ठित कृषि उद्यग है। गुजरात के मेहेसाना में एक मेगा फूड पार्क है। इसी तरह अगला मेगा फूड पार्क ओड़िशा में खोलने की इच्छा व्यक्त की है। इस अवसर पर कृषि और किसान सशक्तिकरण विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अरविंद कुमार पाढ़ी ने संबंधित कंपनी के चेयरमैन और प्रेसिडेंट के साथ पहले ही ओडिशा में विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं पर चर्चा की है। इस अवसर पर बागवानी निदेशक निखिल पवन कल्याण उपस्थित थे।


## राशन कार्ड की इ-केवाइसी की अवधि फिर बढ़ायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राशन कार्ड की इ-केवाइसी अपडेट की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी गयी है। खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने यह जानकारी दी। इससे पहले यह घोषणा की गयी थी कि इ-केवाइसी 31 जनवरी को समाप्त हो जायेगा। राज्य सरकार ने अब इस अवधि को 15 फरवरी तक बढ़ा दिया है। आपूर्ति मंत्री ने कहा, राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए इ-केवाइसी की समय सीमा 31 जनवरी थी। जानकारी के मुताबिक, 42 लाख लाभार्थियों ने अभी तक इ-केवाइसी नहीं कराया है। कुछ दिन और बढ़ाने के लिए लिखित में मांग की है। इसलिए इस पर विचार किया गया। इ-केवाइसी को 15 फरवरी तक जारी रखने का आदेश दिया गया । विशेष रूप से, राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे राज्य के भीतर राशन कार्ड लाभार्थी बूढ़े और बीमार लोगों से मिलें और उनके केवाइसी की जांच करें। यदि राज्य के बाहर के श्रमिक उनसे संपर्क करते हैं तो सरकारी अधिकारियों को वहां भेजने के लिए भी कदम उठाये गये हैं।

## मोहन भागवत भुवनेश्वर में संघ के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-आरएसएस के संघचालक मोहन भागवत भुवनेश्वर पहुंचे। वह ओड़िशा के 5 दिवसीय दौरे पर हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत संचालक स्वर्गीय शिवराम महापात्र के लिए जयदेव भवन में आयोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभा में भाग लेंगे। इसके बाद 31 जनवरी से 3 फरवरी तक वह उत्कल प्रतिष्ठान सहायता समिति में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे और संघ की शताब्दी योजना बैठक में भाग लेंगे। 31 जनवरी से 3 फरवरी तक यहां कोई सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं की जायेगी। यह बैठक केवल संगठनात्मक उद्देश्यों के लिए होगी।

## ओड़िशा से महाकुंभ जाने वाली ओएसआरटीसी की विशेष बस रद्द



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा से महाकुंभ तक जाने वाली ओएसआरटीसी की विशेष बस रद्द कर दी गयी है। ओएसआरटीसी की विशेष बसें 4 फरवरी तक रद्द कर दी गयी हैं। अप्रतिकर स्थिति को देखते हुए ओएसआरटीसी की ओर से गुरुवार को यह निर्णय लिया गया। रिफंड के लिए 9937547773 पर संपर्क करने की सलाह दी गयी। एडवांस टिकट बुक कराने वाले संपर्क कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान से पहले भारी जनसैलाब के कारण महाकुंभ मेला में एक बड़ा हादसा हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुष्टि की है कि प्रयागराज संगम स्थल के पास भगदड़ में अब तक 30 लोगों की मौत हो गयी है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। भगदड़ में 90 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये हैं।


































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**